तापमान

अधिकतम 35.5 डिग्री

न्यूनतम 15.8 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 17 फरवरी 2025


ट्रिपल इंजन की रफ्तार से क्षेत्र का विकास करूंगी: माया



पीएम की जनकल्याण योजना बन रही जीत की गारंटी





## खबर संक्षेप

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सडक हादसों में कमी लाने और ट्रैफिक बाधित करने वाले नो पार्किंग में खडे वाहनो पर कार्रवाई किया है। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सिविक सेन्टर मार्केट, सूर्यामॉल चौक के आस पास चार पहिया वाहन सडक खडा करने वालों पर शिकंजा कसा गया है। वाहन यहां खडा करने से ट्रैफिक बुरी तरह बाधित हो जाया करता था। 48 वाहनो के टायरो में लॉक लगाया गया। इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा नो पार्किंग के तहत कार्रवाई की गई। कुछ वाहन चालक को समझाईस भी दी गई है।

### धर्मांतरण को लेकर अमलेश्वर में बवाल



**भिलाई।** धर्मांतरण को लेकर बवाल होने का मामला सामने आ रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। घटना में पुलिस ने 9 को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की दोपहर 3 बजे अमलेश्वर थाने में सूचना मिली थी कि एक मकान में घर में धर्मान्तरण किया जा रहा है। इसका विरोध करने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। इसके बाद पुलिस के अधिकारी व बड़ी संख्या में बल मौके पर पहुंच गई। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश में जुटी हुई है। मकान के भीतर करीब 100 लोग मौजूद होने का दावा हिंदुवादी संगठन ने किया था । जिसकी जानकारी मिलने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया है। घर किसी विनय कुमार का है। उक्त घर में बजरंग दल के लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। यह पूरा मामला अमलेश्वर के प्रीति विहार कालोनी का है। हंगामें के बाद पुलिस ने घर से करीब 97 लोगों को निकाला और उन्हे पुलिस गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। जिले में पुलिस धर्मांतरण को मामले को लेकर बेहद गंभीर है। पूरे जिले में पुलिस लगातार ऐसे मामलों की निगरानी कर रही है। कहीं से भी शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई होती है।

## राजनीति : सांसद विजय बघेल की रणनीति से भाजपा को मिली बड़ी सफलता

# दुर्ग जिले में भाजपा की 95 प्रतिशत निकायों में प्रभावी जीत, कांग्रेस में मची खलबली

आलोक तिवारी ▶▶| भिलाई

कुछ लोग कहते कम है और करते ज्यादा है। उन्हें किसी की परवाह नहीं होती। वो सीधे परिणाम लाकर दिखाते हैं। फिर होती है चर्चा। इस बार भी निकाय चुनाव के बाद सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है वो कुशल रणनीतिकार सांसद विजय बघेल की। विजय ने जो जीत दर्ज कराई है, उसकी चर्चा प्रदेशभर में हो रही है। दुर्ग लोकसभा की 95 प्रतिशत जीत भाजपा को मिली है। कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है। यही नहीं, सबसे ज्यादा धुर-विरोधी भूपेश बघेल को भी विजय ने इस चुनाव में करारी शिकस्त दी है। पाटन विधानसभा की तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया है। पाटन नगर पंचायत से लेकर नगर पालिका परिषद कुम्हारी और अमलेश्वर में भाजपा ने जबरस्त जीत दर्ज की है।

यही नहीं, नगर निगम दुर्ग में जो काम विजय बघेल ने किया, वो सबसे हटकर है। विजय बघेल ने न केवल प्रत्याशी चयन में भूमिका निभाई, बल्की कांग्रेस की हर रणनीति को सेंधमारी करते हुए कांग्रेस को हराया। दुर्ग निगम में अब तक की सबसे बड़ी लीड भाजपा को मिली है। भाजपा की मेयर के साथ-साथ सबसे ज्यादा पार्षद प्रत्याशियों को जीत दिलाई है। इसका सीधा असर आने वाली केंद्र व प्रदेश की राजनीति में पड़ने वाला है। विजय बघेल इस चुनाव में असल रणनीतिकार हीरो बनकर निकले हैं, जिस काम के लिए उन्हें जाना जाता है।

### खास बातें

- दुर्ग निगम में भाजपा की सबसे बड़ी जीत
- नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 10 साल बाद कमल खिला है
- नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष की कुर्सी भाजपा के योगेश निक्की भाले ने जीती है
- पहले चुनाव में ही अमलेश्वर में खिला कमल
- भाजपा की श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीता
- नगर पंचायत की कुर्सी भाजपा प्रत्याशी सरस्वती नरेंद्र साहू को मिली

### ट्रिपल इंजन लगाने भाजपा कार्यकर्ताओं ने बहाया था जमकर पसीना



अलका बाघमार



मीना वर्मा



योगेश भाले



श्वेता अग्रवाल



दयानंद सोनकर



सरस्वती साहू

#### दुर्ग नगर निगम

दुर्ग नगर निगम में महापौर पद पर सांसद विजय बघेल की रिश्तेदार अलका बाघमार ने 67295 वोटों से चुनाव जीता।
भाजपा के 40 पार्षद चुनाव जीते है। कांग्रेस के सिर्फ 12 पार्षद और 8 निर्दलियों ने बाजी मारी है।

#### 10 साल बाद खिला कमल

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 10 साल बाद कमल खिला है।
भाजपा की मीना वर्मा ने कांग्रेस की रामप्यारी पटेल को चुनाव हराया है।
साथ ही 11 भाजपा पार्षदों ने जीत दर्ज की है।

#### योगेश भाले को मिली सफलता

पाटन नगर पंचायत में - 15 वार्डों में से 8 में भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की और नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी भाजपा के योगेश निक्की भाले ने जीता है।

#### पहले चुनाव में ही खिला कमल

अमलेश्वर के प्रथम नगर पालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दयानंद सोनकर ने जीत दर्ज की। संसाधन की कमी से जूझ रहे दयानंद को विजय बघेल ने टिकट दिया और चुनाव जीत गए। अमलेश्वर में 18 वार्ड है। इनमें 10 कांग्रेस व 6 भाजपा व दो निर्दलीय चुनाव जीते हैं। अमलेश्वर के चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने दोनों अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की ओर से मोर्चा संभालकर रखा था।

#### धमधा में भाजपा की एकतरफा जीत

भाजपा की श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने चुनाव जीता। यहां भी टिकट देने में विजय बघेल की चली और परिणाम लाकर दिखाया। 15 वार्ड हैं नगर पंचायत धमधा में, इनमें 13 में भाजपा और सिर्फ 2 में कांग्रेस को जीत मिली है। गौरतलब है कि धमधा साजा विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण नगर पंचायत है। साजा विधानसभा की राजनीति धमधा से प्रभावित होती है। यहां का चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है।



#### उतई में भी भाजपा ने दिखाया दम

उतई नगर पंचायत के 15 वार्डों में चुनाव हुए। नगर पंचायत की कुर्सी भाजपा प्रत्याशी सरस्वती नरेंद्र साहू को मिली। उतई में 10 में भाजपा, 3 में कांग्रेस और निर्दलीय के दो प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। उतई नगर पंचायत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का महत्वपूर्ण स्थान है। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने उतई में पूरी ताकत झोंक दी थी। लेकिन सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की रणनीति भाजपा के काम आई। भाजपा उतई में भी प्रभावशाली जीत दर्ज की है। ललित चंद्राकर ने सधी हुई रणनीति अपनाकर चुनाव अभियान को गति दी। भाजपा एकजुट होकर यहां चुनाव लड़ी।

## उतई थाना क्षेत्र की है घटना

# दो ट्रक में जबर्दस्त भिंड़त एक चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आगे पीचे चल रहे दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक चालक की मौत हो गई। मामले में उतई पुलिस जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात सेलूद मानिक चौरी चौक में धान संग्रहण केंद्र के पास ट्रक सीजी 10 बीडब्ल्यू 4618 फ्लाई एश खाली कर वापस लौट रहा था। धान से भरी ट्रक का 75 प्रतिशत हिस्सा सड़क के नीचे चला गया था। तभी पीछे से आ रही उक्त ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार जी। ट्रक में धान भरा हुआ जो पलट गया। हादसे में बिलासपुर निवासी चालक राम बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक के भीतर ही चालक फंसा हुआ था। ठोकर मारने वाले ट्रक का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने रात में जैसे ही हादसे की खूबर हुई। तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकालने लगे। वहीं धान से भरी ट्रक का चालक भी गंभीर रुप से घायल है।

- आगे पीछे चल रही ट्रकों में टक्कर, एक ड्राइवर की मौत
- सेलूद मानिक चौरी चौक के पास की घटना
- एक ट्रक घान से भरा था, दूसरा था खाली

# पहले चरण में डेढ़ लाख मतदाता करेंगे मतदान

## दुर्ग जनपद के 257 बूथ के लिए दल रवाना, आज मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत के पहले चरण के चुनाव के लिए पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत के 1209 पदों पर आज मतदान होगा। इन पदों के लिए मैदान पर 3390 प्रत्याशियों के भाग्य फैसला आज होगा। पहले चरण का मतदान 17 फरवरी को होना है। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सभापति सहित कई दिग्गजों का दांव लगा हैं। दुर्ग जनपद क्षेत्र के 73 ग्राम पंचायत अंतर्गत पंच, सरपंच, जिला व जनपद सदस्य के कुल 1416 पदों के लिए 3597 अभ्यर्थी मैदान में है। दुर्ग जनपद क्षेत्र के 73 ग्राम पंचायतो में पंच के 1315 में से 207 पर निर्विरोध निर्वाचित हुए है। पंच के शेष 1108 पदों के लिए 2918 अभ्यर्थी मैदान में है। इसी तरह सरपंच के 73 पदों के लिए 354, जनपद सदस्य के 24 पदों के लिए 103 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 पदों के लिए यहां 15 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। त्रिस्तरीय पंचायत के पहले चरण का मतदात आज होगा। पहले चरण में दुर्ग जनपद के चार जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र, चौबीस जनपद क्षेत्र और 73 सरपंच सहित 1315 पंच पदों के लिए ग्रामीण वोटर मतदान करेगें। चार पदों के इस मतदान प्रक्रिया के लिए 16 फरवरी को सुबह से ही पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। आज सुबह सात से दोपहर तीन बजे तक चुनाव संपन्न कराया जाएगा।



#### चार कलर का होगा मत पत्र

पंचायत चुनाव में मतदाता को चार अलग-अलग मतपत्र में वोट देना होगा। पंच-सफेद, सरपंच - नीला, जनपद सदस्य -पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र है। मतदान समाप्ति पश्चात मतदान केन्द्र में ही मतों की गणना की जाएगी। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा।

#### पहले चरण का मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत 17, 20 एवं 23 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग में 17 फरवरी 2025 को पंचायत प्रतिनिधि चुनने मतदान होगा।

#### वोटिंग बाद मतदान केन्द्र में मतगणना

मतगणना पश्चात मतदान दलों द्वारा निर्धारित सामग्री वितरण केन्द्र में ही मतदान सामग्री 17 फरवरी की शाम से देर रात्रि तक जमा की जाएगी। मतगणना का सारणीकरण 18 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय में होगी। सारणीकरण के बाद जनपद पंचायत कार्यालय से परिणाम घोषित किये जायेंगे।

#### संवेदनशील 116 और अतिसंवेदनशील 20 केन्द्र

पहले चरण के तहत संवेदनशील मतदान केन्द्र 116 है, जबकि अति संवेदनशील मतदान केन्द्र बीस हैं। इन मतदान केन्द्रो में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई हैं। जिसमें आरक्षण, यातायात विभाग, नगर सेना और थाने को एलर्ट किया गया है। उल्लेखनीय है कि, गांव में चुनाव कराने प्रशासन के लिए चुनौती से कम नही रहती है। खासतौर पर मतगणना शांतिपूर्ण कराने के चुनौती रहती हैं।

# दो आगजनी के हादसे में लाखों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो अलग-अलग आगजनी का मामला सामने आया है। दमकल कर्मियों के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक 15 फरवरी की रात वैशाली नगर के एक मकान में घर में आग लगने अचानक लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम राजीव नगर के मौला साहू के घर आगजनी की घटना हुई। उनका मकान आग की लपटों से घिर चुका था। मकान के भीतर गैस सिलेंडर पड़ा मिला। जिसे दमकल कर्मियों जागरुकता दिखाते हुए बाहर निकाल दिया नहीं तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। गैस सिलेंडर को आग के बीच से बाहर निकाला गया तब तक सिलेंडर आग की लपटे में आ चुका था। जिससे पूरा काला पड़ गया है और काफी गर्म हो गया था। सिलेंडर को बाहर लाकर उसे ठंडा किया गया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। मकान में लगे आग को बुझाने एक दमकल वाहन की जरुरत पड़ी। लेकिन बुझाने कड़ी मशक्कत करना पड़ गया। आग बुझाने के दौरान पुलिस कर्मी भी सुरक्षा के लिहाजे से मौजूद थे। फिलहाल मामले की जांच वैशाली नगर पुलिस कर रही है।



- वैशाली नगर और ग्राम कानाकोट का मामला

#### पैरावट के दो ढेर में लगी आग

ग्राम कानाकोट गांव के पैरावट में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। खेत के पैरावट में दो बड़े ढेर में आग लगी थी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों की टीम पहुंची। टीम के पहुंचने तक पैरावट पूरी तरह से जल गया था। आग दूसरे ढेर में पहुंच गई थी। टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। जांच के बाद डी आगजनी का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### जेवर की जगह महिला को थमाया कागज का बंडल, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सड़क पर टहल रही महिला से जेवर लेकर उसे युवकों ने कागज का बंडल थमाने का मामला सामने आया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि शनिवार की देर शाम को घर जाते समय जुनवानी सड़क दो बाइक सवार युवक पहुंचे। महिला को झांसा देकर उसके सोने का मंगलसूत्र समेत अन्य जेवरात उतरवा लिया। उसके बाद उसे खरीदने के नाम पर दो कागज का बंडल महिला को थमा दिया। जब महिला घर पहुंची तो बंडल को खोलकर देखने पर कागज निकला। शिकायत के बाद पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को चेक कर युवकों के बारे में पतासाजी में जुटी हुई है।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


आज का स्पेशल ऑफर

सुमीत बाजार

भिलाई एवं दुर्ग में...

बाजार मूल्य ₹399 से ₹599 वाली

समर स्पेशल 100% कॉटन

फैंसी प्रिंटेड

2 गाऊन

2 पीस

₹249 में



ऑफर स्टॉक रहने तक

बाजार मूल्य ₹35 से ₹50 प्रति पीस वाली



एक्सपोर्ट क्वालिटी

जेकार्ड डायनिंग

टेबल मैट

₹5 में

मिनीमम 6 पीस लेने पर...

ऑफर स्टॉक रहने तक

*condition apply

सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला • भिलाई गुरुद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित महापौर को बधाई देने पहुंचे कमिश्नर



दुर्ग। निगम आयुक्त नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती अल्का बाघमार को बधाई देने उनके निवास में पहुंचे। इस अवसर पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शहर के मूलभूत व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस दौरान नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती अल्का बाघमार ने आम नागरिकों की मूलभूत सुविधा को लेकर कहा कि शहर में बंद पड़े स्ट्रीट और सभी वार्डों के अंदुरुनी क्षेत्र व चौक चौराहों पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था दसहित शहर स्वीकृति हुए निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने, नागरिकों को पानी की समस्यों से परेशानियों का सामना न हो इसके लिए शहर क्षेत्र में बचे हुए पाइप लाइन जोड़ने, खराब लाइन को संधारण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बचे हुए प्रधानमंत्री आवासों को जल्द पूरा कर पात्र हितग्राहियों को सौंपे। नव निर्वाचित महापौर ने कहा कि जल्द आम जनता के बीच जाकर उनसे उनकी समस्याओं से रूबरू होकर निराकरण करेंगी। चर्चा के दौरान कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण जिससे शहर की साफ सफाई और सुंदर बना कर अच्छी रैंकिंग लाकर शहर का गौरव बढ़े।

### युवा सेवा संघ ने निकाली प्रभात कीर्तन रैली



दुर्ग। श्री योग वेदांत समिति भिलाई के तत्वाधान में संत आशाराम बापू की सेवा वाहनी शक्ति युवा सेवा संघ द्वारा प्रभात कीर्तन यात्रा चंगोरा भाटा से निकाली गई। प्रभात कीर्तन की शुरुवात भगवान श्री राम का जय घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में संत श्री के हरि ओम साधकों के अलावा गांव के पदाधिकारी भी शामिल हुए। ग्राम कोटनी के सरपंच मनोज साहू भी मौजूद रहे। अंत में सदगुरू की मंगल आरती के साथ समापन किए। उसके बाद बेलौदी आश्रम में बड़दादा की परिक्रमा कर आश्रम परिसर में सेवा, साधना कार्य किए। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

# दलों की रवानगी में देरी, बस में क्षमता से ज्यादा कर्मी ठूंसने पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय के मतदाता सूची व चुनाव के दिन मतगणना स्थल पर अव्यवस्था के बाद दल रवानगी में लापरवाही सामने आई हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए पालीटैनिक कालेज में मतदान दलों को भले ही सुबह छः बजे से बुला लिया गया था। लेकिन अव्यवस्था के कारण कर्मियों को पूरे आठ घंटे देरी से रवाना किया गया। बस में क्षमता से अधिक कर्मियों को ठूसे जाने पर हंगामा भी किया गया। हांलाकि बाद में व्यवस्था सुधारकर करीब ढाई से तीन बजे दलों को रवाना किया गया।

पालीटेक्निक कालेज में सुबह छः बजे से ही 257 मतदान केन्द्रो में लगाए गए कर्मियों का दल पहुंच गया था। लेकिन देरी होने के कारण दोपहर तीन बजे तक उन्हें भूखे प्यासे परेशान होना पडा। इन्हें सुबह रवाना करने के बजाय पूरे आठ घंटे देरी से भेजा गया। मतदान दलों की रवानगी के दौरान रिजर्व कर्मी और पीठासीन अधिकारियों की पंक्तिवार नाम नही लिए जा रहे थे। इसमें खामियां सामने आने के चलते काफी देरी से दल को रवाना किया गया। एक बस जिसमें 45 सीट की क्षमता थी, उसमें 65 से अधिक दलों को बिठाए जाने पर वहां हंगामा हो गया। कर्मियों का कहना था कि, उनके साथ महिला कर्मी भी है, उपर से सामग्री की पेटी है। ऐसे में वे इतने कम सीट में कैसे बैठेगें। उनके हंगामे के बाद अफसरों ने दूसरी बस की व्यवस्था कराई।

## अव्यवस्था के बीच पहले चरण के लिए मतदान दलों को किया रवाना

### मतदान कराने के बाद देर रात दलों की वापसी

मतदान दलों को आज पालीटेक्निक कॉलेज सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री प्रदान कर संबंधित मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया गया। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा। मतगणना पश्चात मतदान दलों द्वारा निर्धारित सामग्री वितरण केन्द्र में ही मतदान सामग्री 17 फरवरी की शाम से देर रात्रि तक जमा की जाएगी। दुर्ग जनपद के 257 मतदान केन्द्र में 17 फरवरी को मतदान हैं।



### प्रदेश में सिर्फ दुर्ग में लगातार लापरवाही

नगरीय निकाय चुनाव में दुर्ग जिले में लगातार चुनाव में अव्यवस्था की शिकायते आ रही है और इसकी जानकारी प्रदेश तक पहुंच रही है। नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता सूची में इस कदर लापरवाही बरती गई कि, भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने प्रशासन को घेर दिया। वही मतगणना के दिन राउंडवार जानकारी नही देने की शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डां सर्वेश्वर भूरे तक भी की गई। निकाय चुनाव निपटने के बाद भी बूथवार जानकारी जारी नही करना प्रशासन के कार्य पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं।

## फिसड्डी : कांग्रेस की सिर्फ बारह सीट में जीत, वहीं 18 वार्डों में कांग्रेस तीसरे स्थान पर

# शहर के डेढ़ दर्जन वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों का खराब प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**तीसरे एवं 1 वार्ड में चौथे स्थान पर रही, 2 वार्डों में कांग्रेस का प्रत्याशी ही नहीं उतरे**

लोकसभा, विधानसभा और नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का जनाधार धराशाही हो गया हैं। दुर्ग नगर निगम के साठ वार्डो के चुनाव में कांग्रेस को 18 वार्ड के आम जनता ने दूसरे नंबर पर भी बर्दाश्त नही किया है, पूरे 18 वार्ड कांग्रेस तीसरे नंपर पर रही है। वही एक वार्ड में चौथे नंबर पर चली गई। उनके जगह जनता ने निर्दलियों को पल्को में सराहा हैं। नगरीय निकाय चुनाव जो सीधे नेताओं की छबि से जुडा होता हैं। इस रिजल्ट ने चुनाव की कमाल संभाले नेताओं की कलाई भी खोलकर रख दी हैं।

सामने आए आंकडे के अनुसार 19 वार्डों में कांग्रेस के प्रत्याशी मुकाबले से बाहर रहे। कांग्रेस के 18 पार्षद प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 1 वार्ड में तो कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी को चौथे स्थान पर संतुष्ट रहना पड़ा। वार्डवार पार्षद प्रत्याशियों को प्राप्त मतों के आंकड़े के मुताबिक वार्ड क्रमांक 1 में कांग्रेस का पार्षद प्रत्याशी चिराग शर्मा चौथे स्थान पर रहा। इसी तरह वार्ड क्रमांक 6, 7, 11, 12, 15, 17, 18, 29, 31, 32, 37, 42, 47, 51, 53, 56, 58 एवं वार्ड क्रमांक 59 में तीसरे स्थान पर रहे। इन वार्डों में विजयी प्रत्याशियों को अन्य पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलियों ने टक्कर दिया। यहां पूर्व सभापति राजेश यादव, सरोज यादव, सुनीता देवांगन, मोहित वाल्दे, उषा ठाकुर, श्यामा विनोद सेन, निर्मल साहू, श्यामा साव, मीना मालिकपुरी, संजय ताम्रकार और श्रध्दा सोनी, शिवाकांत तिवारी, सेनापति रूद्रनाथ, पोषन साहू, अंशुल पांडेय, संतोष सोनी और ज्ञानी देवांगन और निकिता सिंह बुरी तरह से हारी हैं।



### इन वार्डों का फूट सकता है ठीकरा

कांग्रेस में वार्ड 21 से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लेने के साथ ही यहां खुद भूपेश बघेल ने नाराजगी जताई थी। वार्ड 36 में बी फार्म में त्रुटि के चलते कांग्रेस को दूसरा बड़ा झटका लगा। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू वार्ड 51 से लगातार दो बार पार्षद रही। इसके बावजूद इस वार्ड से पार्षद पद के लिए उतरे उनके पति पोषण लाल साहू को हार का सामना करना। इस वार्ड में भी पहले रमेश कुमार देशमुख का टिकट दिया गया था। लेकिन बाद में पोषण साहू चुनाव लडे, लेकिन हार गए। वही वार्ड 45 में खुद पूर्व विधायक अरूण वोरा रहते है। यहां भी उन्होने राजेश शर्मा को टिकट देने की पैरवी की और अंततः उन्हें ही बीफार्म दिया गया। जबकि धीरज बाकलीवाल के पसंद के प्रत्याशी आयुष शर्मा का लिस्ट में नाम होने के बाद भी टिकट काट दिया गया। जिसे लेकर तनाव की स्थिति निर्मित रही। अब चुनाव के बाद ठिकरा फूटने की भी सुगबुगाहट तेज हैं।

### इन वार्डों में कांग्रेस प्रत्यशियों को नकारा

जानकारी अनुसार 10 वार्डों में विजयी प्रत्याशियों को निर्दलियों ने धुल चटा दी। जिसमें वार्ड 6 में राजेश यादव, 11 सुनीता देवांगन, 15, 17, 18, 31, 32, 37, 51 एवं 59 में विजयी हुए प्रत्याशियों के निर्दलीय प्रत्याशियों ने जबरदस्त टक्कर दी हैं। वहीं वार्ड 1 एवं 47 में आप तथा वार्ड 58 में बसपा के पार्षद प्रत्याशियों ने विजयी प्रत्याशी को टक्कर देकर दूसरे नंबर पर जगह कायम रखी और ज्यादातर प्रत्याशियो को तीसरे पायदान पर सरका दिया।

### गनी के वार्ड में शेरू की दहाड

वार्ड आठ तकियापारा में लगातार गनी खान चुनाव जीतते आए है। लेकिन इस बार उन्हें नए युवा खालिद रिजवी (शेरू) ने पछाड दिया। दिग्गज कांग्रेसियों में राजेश यादव, कन्या ढीमर, राजेश शर्मा, जमुना साहू, नीता जैन, भोला महोबिया हार गए, जबकि इनमें ज्यादातर एमआईसी मेंबर रह चुके हैं। इधर भाजपा में वार्ड 53 में भाजपा से बागी सविता साहू ने भाजपा के बडे नेता विनायक नातु को चित्त कर दिया। इसी तरह वार्ड 29 में बबीता यादव का बागी चुनाव लडना भारी पड गया।

### सबसे बड़ी जीत लीना व छोटी विजयंत

पार्षद पद के लिए हुए चुनाव में दुर्ग नगर निगम में वार्ड चार से भाजपा प्रत्याशी लीना दिनेश देवांगन ने 2384 वोट पाया और कांग्रेस के प्रेमी राजपूत को 1685 वोट से हरा दिया। वहीं वार्ड 5 से कड़े मुकाबले में सबसे कम 8 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी विजयंत पटेल ने भाजपा के ओमप्रकाश पटेल को हराया।

# भाजपा के दिग्गज नेताओं के वार्ड में हारे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही भाजपा ने दुर्ग नगरनिगम के चालीस सीट हथिया लिए है। लेकिन कई दिग्गज नेताओं के सीट की हार ने उनकी कलई भी खोल दी है।

- भाजपा नेताओं के सक्रियता के बाद भी कैसे हो गई चूक

विधायक गजेन्द्र यादव से लेकर महापौर प्रत्याशी रही अल्का बाघमार के वार्ड में प्रत्यशियों को वे जीता नही पाए। कांग्रेस व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की सीट हिला दी है। उनके ही वार्ड में कई प्रत्याशियों की बुरी तरह से हार हुई हैं। जिसमें वार्ड 49 जहां विधायक गजेन्द्र यादव रहते है। यहां उनके प्रत्याशी प्रीति चद्रभान चंद्राकर हार गई। इसी तरह महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार वार्ड साठ जहां पूर्व मेयर चंद्रिका चंद्राकर भी रहती है। वहां श्वेता ओझा ताम्रकार हार गई। इसी तरह भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के वार्ड 41 से जयंती साहू हार गई। वहीं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के वार्ड 12 से कुणाल मेश्राम हार गए। भाजपा नेत्री सरिता मिश्रा का वार्ड पूनम दीपक यादव हार गई। भाजपा नेता डोमार सिंह का वार्ड 43 से विवेक सिन्हा की हार हुई। इसी तरह नेत्री उषा टावरी की वार्ड 55 से डां भूपेन्द्र साहू हार गए। भाजपा ने पहली बार वार्ड चालीस, वार्ड 6, 19, 45, 48, 51, 58 में भाजपा के सिंबाल से जीत दर्ज की गई हैं।

### कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के वार्ड से हार

कांग्रेस के पूर्व गृहमंत्री का निवास मिनाक्षी नगर है। इस वार्ड 53 में अंशुल पांडेय को टिकट दिया गया था। लेकिन वे हार गए। यहां निर्दलीय सविता साहू जीत गई। इसी तरह पूर्व विधायक अरूण वोरा के वार्ड 45 व पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल वार्ड 46, राजेन्द्र साहू वार्ड 38 के वार्ड से हार ने कांग्रेसियों के चुनाव प्रबंधक क पोल खोलकर रख दी हैं।



दुर्ग। वार्ड-4 गयानगर में जीत के बाद मीना दिनेश देवांगन ने निकाली आभार रैली।

# निगम की टीम ने स्वच्छता में दुर्ग को शीर्ष पर लाने शुरू की शहर में मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्टेशन रोड सुबह निरीक्षण के दौरान कचरा गाड़ी को रोककर देखा कि

- कमिश्नर ने कचरा गाड़ी रोककर ली जानकारी




कचरा अलग किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना ज़रूरी है क्योंकि इससे पर्यावरण की सुरक्षा होती है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि डोर-टू-डोर संपर्क कर स्वच्छता अपनाने के लिए हर घर, व्यापारिक प्रतिष्ठान व संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है। छोटी गुमटियों से लेकर बड़े होटल, मोहल्ले के घरों और कॉलोनियों को भी कचरे के पृथक्करण के लिए निरंतर समझाईश दी जा रही हैं। जोन स्तर पर स्वच्छता दीदीयों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि निरंतर लोगों को इस संबंध में अवगत कराएं। इसके लिए जोनस्तर पर स्वच्छता महिलाओं को दायित्व सौंपा गया है। जो लापरवाही बरतने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करेंगी। शहर के गली मोहल्ले सहित अन्य सार्वजनिक व व्यापारिक उपक्रम भी नगर निगम को साथ दें रहे है। कचरा पृथक्करण और सूखे एवं गीले कचरे के तौर पर शामिल अपशिष्टों के संबंध में अवगत कराया जा रहा है कि हरा डस्टबिन में गीला कचरा, जिसमें रसोई का कचरा, फल के छिलके, सड़े फल एवं सब्जी, बचा भोजन, अंडे के छिलके आदि रखा जाना चाहिए एवं नीला डस्टबिन में प्लास्टिक, बोतलें, कागज कप, प्लेट, पैकेट अखबार, डिब्बे, बॉक्स, पुराने कपड़े आदि रखें।

# माता पिता का आशीर्वाद लेकर मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में बालसंस्कार विभाग द्वारा शीतला मंदिर प्रांगण बैगापारा में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। बालसंकर विभाग द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से पूजन विधि बताई गई। पहले माता पिता को आसान में बैठाया गया। उसके बाद तिलक, अच्छत पुष्प चढ़ाए गए, फूलों की माला पहना कर आरती उतारी गई। माता पिता की सात परिक्रमा भी गई और मिठाई भी खिलाई गई। माता-पिता ने अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में संस्कार की बाते बताई गई कि बच्चे-बच्चियां, माता-पिता और गुरुजनों का आदर सत्कार जरूर करे। ऐसे काम न करें जो मां पिता के आंखों में आंसू आ जाए। संघ द्वारा जानकारी दी गई कि संत आशाराम बापू की प्रेरणा से देश और विदेशों के 450 से भी ज्यादा आश्रम, समिति 17000 बालसंस्कार, युवा सेवा संघ, महिला उत्थान मंडल सभी ने मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ के प्रभारी ओमप्रकाश साहू ने दी।

# अब जिला के क्रिकेट खिलाड़ी देंगे रक्तदान का संदेश, टी-शर्ट का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला क्रिकेट सीनियर वर्ग के 16 के खिलाड़ी अब खेल के साथ साथ नेत्रदान, देहदान, त्वचा दान, रक्तदान की जागरूकता का सन्देश

- नेत्रदान, देहदान, त्वचा दान व रक्तदान का देंगे संदेश

लोगों तक पहुंचाएंगे। जिला क्रिकेट संघ द्वारा सामाजिक सन्देश प्रदेश में पहुंचाने के उद्देश्य से खिलाड़ियों को टी शर्ट वितरित की गई। जिस पर नवदृष्टि फाउंडेशन का लोगो है।

कुलवंत भाटिया ने बताया कि हमारी संस्था लगातार लोगों को नेत्रदान, देहदान, त्वचा दान हेतु प्रेरित कर रही है, जिसके लिए समय समय पर अभियान भी चलाया जाता है। अब जिला क्रिकेट संघ के निर्णय से यह सन्देश खिलाड़ियों के माध्यम से युवाओं व



प्रदेश के कोने कोने तक पहुंचेगा। जिससे समाज में एक सकारात्मक सन्देश जाएगा और लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। राज आढ़तिया ने सामाजिक सन्देश हेतु जिला क्रिकेट संघ का आभार जताया।

संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सीएससीएस क्रिकेट बोर्ड के निर्देशानुसार ट्रायल्स, प्रदर्शन मैचेस, पूर्व में मैच के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। क्रिकेट टी शर्ट का वितरण रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में एसोसिएशन के पदाधिकारियों विजय अग्रवाल, प्रमोद पारख, संजीव श्रीवास्तव, सुरेश साहू, आशीष सूर्यवंशी, गुरमीत भोगल, कोंडल राव, कौशल वर्मा, आतिफ खान एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत सिंह भाटिया, राज आढ़तिया, सुरेश जैन, यतीन्द्र चावड़ा तथा सुनील जैन, गेंदालाल साहू, अतुल सूर्यवंशी व अन्य मौजूद रहे। क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिया अग्रिम बधाई दी ।

# महापौर अलका का निकलेगा आज शहर में विजय जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के नवनिर्वाचित महापौर



अलका बाघमार ऐतिहासिक जीत के पश्चात दुर्ग शहर के

- रैली में सम्मिलित रहेंगे वरिष्ठ नेता-सुरेंद्र कौशिक

मुख्य मार्ग से दिनांक 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से विजय जुलूस रैली शहर के मुख्य मार्ग से होकर निकली जाएगी।

आयोजित विजय जुलूस रैली में दुर्ग शहर के वरिष्ठ नेता सहित रैली मार्ग से गुजरने के दौरान वार्डों के विजयी पार्षद भी सम्मिलित रहेंगे। आयोजित विजय जुलुस रैली के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि, आयोजित होने वाली विजय जुलूस रैली दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय से दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी, जो पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कंपलेक्स, पोलसाय पारा, तकिया पारा, होटल मान चौक, कंकालिन मंदिर चौक, चंडी मंदिर चौक, शिवपारा, गवली पारा, गांधी चौक, जवाहर चौक से होते हुए भाजपा कार्यालय में जाकर संपन्न होंगी। आयोजित रैली में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में सम्मिलित रहेंगे।

# अलका ने गंजपारा में व्यासपीठ का किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गंज पारा में रविवार को सनातन धर्म परिषद महासभा के जिला अध्यक्ष दिनेश पुरोहित के निवास पर सनातन धर्म परिषद महासभा की दुर्ग शहर अध्यक्ष प्रथम नागरिक महापौर अलका बाघमार व्यास पीठ का दर्शन करने हेतु पहुंची। जहां आतिशबाजी के साथ जोरदार उनका स्वागत किया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सनातन धर्म परिषद महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, संयोजक आनंद महाराज, सनातन धर्म के जिला अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, शहर अध्यक्ष राकेश महोबिया, हीरा महेश्वरी, महिला मंडल जिला अध्यक्ष अनोखी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा,



सचिमीना पांडे, समाजसेवी राजू बिलौना वाले, मनोज शर्मा के साथ व्यास पीठ का पूजा अर्चन की। महापौर का सनातन धर्म परिषद महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक से महापौर अलका बाघमार ने छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म से संबंधित सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की व कंधे से कंधा मिलाकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने कहा गया।

# निकाय के चुनाव में अय्यूब के नेतृत्व में मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस



कमेटी के सचिव अय्युब खान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने खैरागढ़ जिले की दो नगर पंचायतों में हुए चुनावों में शानदार जीत दर्ज की है। श्री खान को यहां चुनाव संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। गंडई नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी लाल शाह खुसरो ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, जबकि 15 वार्डों में से 7 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद विजयी रहे। इसी प्रकार छुईखदान नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी नम्रता वैष्णव सिंह ने भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को हराकर अध्यक्ष पद जीता। यहां 15 में से 8 वार्डों में कांग्रेस के पार्षदों ने जीत दर्ज की। प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान ने कहा कि, संतुलित टिकट वितरण, प्रभावी रणनीति और कुशल प्रबंधन के कारण यह जीत संभव हुई। उन्होंने क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक यशोदा निलंबर वर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, गंडई ब्लॉक अध्यक्ष भीरगेश यादव और छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल सहित सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के तालमेल को इस सफलता का श्रेय दिया। अय्यूब खान ने दोनों नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों, पार्षदों, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस जीत की बधाई दी।



**खबर संक्षेप**

## शराब के साथ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शराब तस्कर को हथबंद पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। जो वैशाली नगर में निवास करता है। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क 5 बी मकान 526 शांति नगर वैशाली नगर भिलाई निवासी प्रकाश राय उर्फ गुड्डू राय 52 वर्ष से एमपी का अवैध शराब 532 पेटी बरामद किया गया। जिसकी कीमत 34 लाख 30 हजार रुपए आंकी गई है। प्रकाश राय का स्थायी पता ग्राम अतायर जिला गोरखपुर है। पुलिस ने ग्राम केसदा स्थित फार्म हाउस में दबिश देकर अवैध शराब बरामद किया गया।

## निःशुल्क कैंसर जांच शिविर में लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंगल भवन हाउसिंग बोर्ड स्मृतिनगर में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. राजीव पाल, विशिष्ट स्मृति नगर गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि राजीव चौबे, अमित देशमुख, संदीप रामटेके, रीता तिवारी, सुश्री आरती अरोरा, स्मिता राय थे।बालको कैंसर जांच टीम में डां. राजेंद्र पटेल, डां. हेमलता, पुनीत तिवारी, अभिलाश, अंकिता, संजना और सीएसआर मेडिकल टीम से डां. निशि मिंज, फार्मेसिस्ट गौर, नर्स प्रभा सैमुअल व शंभु दयाल ने बीपी, शुगर की जांच की। साथ ही पंजीकरण का कार्य श्री शंभू दयाल द्वारा किया गया। शिविर में कुल 34 मरीजों की जांच की गई की।

## परीक्षा के तनाव को कम करने दिए टिप्स

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के निर्देशानुसार शैलेंद्र साहू व प्रेमलता योगी ने लैपटॉप व प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम को चालू किये, जिसको सभी ने ध्यानपूर्वक देखे। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले देशभर के स्टूडेंट्स को परीक्षा के तनाव को कम करने के टिप्स दे रहे हैं। इस कार्यक्रम के जरिए स्टूडेंट्स को पीएम मोदी ने संबोधित किए।

# कचरे से पटा बच्चों का मुक्तिधाम, कहां करें मासूमों का अंतिम संस्कार

### नगर निगम की निष्क्रियता से शोकाकुलों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के विकास का दावा करने वाले वाले नगर निगम भिलाई के लिए राम नगर स्थित बच्चों का मुक्तिधाम वर्षों से चुनौती बना हुआ है। पूरा श्मशान घाट कचरे से पटा है। इस दौरान कई नगर सरकारें और जन प्रतिनिधि आए और चले गए लेकिन किसी ने भी दिवंगतों के सम्मान परिजनों के प्रति संवेदना दिखाने की जरुरत नहीं सुध नहीं ली। दिवंगतों के परिजनों और क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से इस मुक्तिधाम के कायाकल्प की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य में स्थित राम नगर मुक्तिधाम के बाजू में बच्चों का भी मुक्तिधाम है। बड़ों का मुक्तिधाम स्वच्छ है और सभी बुनियादी सुविधाएं हैं। लेकिन इससे लगा बच्चों का मुक्तिधाम पिछले तीस साल से उपेक्षित है। यह किसी कूड़ाघर या मिनी ट्रेंचिंग ग्राउंड की तरह दिखाई देता है। पूरा परिसर कचरे से पटा है। गंदगी और दुर्गंध के ऐसे माहौल में दिवंगत बच्चों के परिजन किसी तरह अपने अंतिम संस्कार करते होंगे और और इस दौरान निगम और व्यवस्था के कर्णधारों के प्रति उनके मन में कैसी छवि बनती होगी, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। दिवंगतों के परिजनों ने बताया कि मुक्तिधाम में काठी के बांस, पैरा,कफन की चिंदियां, हांडियां, फटे जूते चप्पल, गोबर आदि फैला है। झाड़ियों आदि जंगली खरपतवारों से पटा है। मुक्तिधाम में पानी, बिजली,सफाई आदि कोई बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। इसके चलते अंतिम संस्कार के लिए आने वालों को कई तरह की परेशानियां हो रही हैं और यहां आकर उनका दुख और बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों ने बड़ों के मुक्तिधाम की तरह बच्चों के श्मशानघाट को भी स्वच्छ और बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने की मांग की है।



#### आवारा मवेशी व अराजकता

बच्चों के मुक्तिधाम में आवारा मवेशियों और सूअर विचरते रहते हैं। मलमूत्र से भारी दुर्गंध है। यहां अराजक तत्वों की भी जमावड़ा लगा रहता है। असामाजिकत तत्व बैठकर गांजा, शराब पीते रहते हैं और ताश खेलते हैं। रामनगर मुक्तिधाम वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का क्षेत्र है। दिवंगत बच्चों के परिजनों ने बताया कि विधायक को प्राथमिकता के आधार पर संवेदना दिखाते हुए इस मुक्तिधाम का कायाकल्प करवाने नगर निगम को गंभीरता से निर्देशित करना चाहिए, ताकि दिवंगत मासूमों का अंतिम संस्कार स्वच्छ जगह हो और सम्मान मिल सके। परिजनों की भावनाएं भी आहत न हों।

### कीमोथेरेपी के लिए भी हो रही परेशानी, अपडेट करने की दरकार

# सेक्टर 1 कैंसर अस्पताल के सिमटने का खामियाजा भुगत रहे शहर के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित सेक्टर -1 कैंसर अस्पताल की सेहत खराब होने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। समुचित इलाज की सुविधा और चिकित्सा और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध की कमी होने कारण पीड़ितों को शहर के बाहर उपचार करवाने मजबूर होना पड़ रहा है। इस अस्पताल में एडमिशन आदि की सुविधा नहीं है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी द्वारा डेढ़ दशक पूर्व सेक्टर एक अस्पताल को एक फुलफ्लेश कैंसर अस्पताल के रुप में विकसित किया गया था। सेक्टर नौ हास्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डां. केकरे के मार्गदर्शन में इस अस्पताल के खुल जाने से बीएसपी कर्मचारियों के साथ ट्विनसिटी के कैंसर पीड़ितों सुविधा हो रही थी।

अस्पताल में कैंसर की बीमारी के चेकअप, भर्ती से लेकर कीमो थेरेपी व सिंकाई तक सभी इलाज होता था। लेकिन अंकोलाजी स्पेशलिस्ट डां. केकर के सेवानिवृत्त होते ही पिछले 6 वर्षों से यह सर्वसुविधायुक्त अस्पताल महज एक डी क्लिनिक में सिमट कर रह गया है। इससे शहर के लोगों को कैंसर के उपचार के लिए बाहर के अस्पतालों में महंगे इलाज के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यहां डाक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ,उपकरणों, दवाईयों आदि की कमी का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। कैंसर के उपचार के नाम पर यहां सिर्फ चेकअप और कीमो थेरेपी हो रही है। पहले की तरह मरीजों का एडमिशन की सुविधा नहीं है। कैजुअल्टी,नर्सिंग स्टाफ नहीं है। पीड़ितों ने बताया कि कीमो थेरेपी की डेट पर ही अस्पताल बुलाया जाता है,भर्ती नहीं किया जाता है। मुकम्मल इलाज के लिए बाहर जाने में कई तरह की परेशानी होती है।

### एक-एक कर रिटायर हो रहा पैरामेडिकल स्टाफ



#### पहले मनोरोग अस्पताल था संचालित

सेक्टर एक अस्पताल में तीन दशक पूर्व एक फुल फ्लैश मनोरोग विभाग भी विकसित किया गया था। लेकिन इसे 1985 में शिफ्ट कर दिया गया। सेक्टर एक मनोरोग हास्पिटल में आधा दर्जन मनोरोग विशेषज्ञ हुआ करते थे और मनोचिकित्सा की पूरी सुविधा और संसाधन थे। यहां प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डां, सहगल, डां. अशोक त्रिवेदी, डां, शैल वर्मा जैसे अनुभवी स्पेशलिस्ट थे। अस्सी के दशक में यहां मनोरोगियों के उपचार के लिए काउंसिलिंग व मेडिसिन के साथ इलेक्ट्रिक शांट उपचार पद्धति की सुविधा भी उपलब्ध थी। सरकार द्वारा अब इलेक्ट्रिक शांट पद्धति को बंद कर दिया गया है। पिछले तीन दशक से बीएसपी का मनोरोग विभाग सेक्टर नौ हास्पिटल में संचालित हो रहा जो चिकित्सक व स्टाफ की किल्लत से बंद होने की कगार पर है।

#### चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की कमी

इस अस्पताल में एकमात्र कैंसर रोग विशेषज्ञ डां.अतुल श्रीवास्तव कार्यरत हैं। अन्य चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। कैंसर अस्पताल पूरी तरह सिमट चुका है। एस क्लीनिक के रुप में चेकअप की ही सुविधा मरीजों को उपलब्ध है। वर्तमान मे सेक्टर एक अस्पताल एक हेल्थ सेंटर के रुप में सर्दी जुकाम आदि छिटपुट बीमारियों के अस्पताल तक सिमट कर रह गया है। यहां सबसे बड़ी समस्या आधा दर्जन अन्य रोगों के चिकित्सक तो हैं लेकिन मदद के लिए नर्सिंग या पैरामेडिकल स्टाफ की भारी किल्लत है। एक नर्स पिछले दिसंबर में रिटायर हो चुकी हैं। एक फार्माशिस्ट जनवरी में रिटाय हो गए। इस माह एक फार्माशिस्ट और दो टेक्निशिय सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सिर्फ दो ही रेगुलर डांक्टर हैं। चेस्ट, आर्थो व गायनोकालाजी के 4 चिकित्सक आउटसोर्स पर सेवाएं दे रहे हैं। मरीजों ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन को इस अस्पताल अपडेट किए जाने की जरुरत है, ताकि पीड़ित कर्मियों व परिजनों तथा अन्य मरीजों को भटकना न पड़े।

# आयातित इस्पात पर सेफगार्ड ड्यूटी लगवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेफी चेयरमेन एवं बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सेफी प्रतिनिधि मंडल के साथ दिल्ली में इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक से इस्पात क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस्पात सचिव से आयातित इस्पात पर सेफगार्ड ड्यूटी जल्द लगवाने की मांग की। सेल के अधिकारियों के पेंशन को डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रदान करने तथा एचआरए को पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई । डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार सेल में 30 प्रतिशत सेवानिवृत्ति लाभ सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक दिशानिर्देश जारी करें। जिससे डीपीई दिशानिर्देशों की सही भावना के अनुरूप मासिक आधार पर 3 प्रतिशत के बजाय 9 प्रतिशत की दर से पेंशन का अंशदान हस्तांतरित किया जाए। एनपीएस में सेल द्वारा निधि हस्तांतरण की वास्तविक तारीख 1 जनवरी 2007 से है लेकिन सेल ने यह राशि अत्यधिक विलंब से प्रदान की है। इस राशि पर सेल को प्रतिपूरक/उपार्जित ब्याज प्रदान किया जाना चाहिए। बंछोर ने कहा कि सेल पेंशन योजना को समय पर लागू नहीं किया गया और यह द्वितीय वेतन संशोधन के डीपीई दिशानिर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन था। चूंकि पेंशन कर्मचारी का अधिकार है।

■ सेफी ने इस्पात सचिव से की मांग

#### एचआरए अलाउंस शुरु करें

सेल में हाऊस रेंट अलाउंस (एचआरए) को पुनः प्रारंभ करने की मांग रखी। श्री बंछोर ने इस संदर्भ में इस्पात सचिव को यह सूचित किया कि सेल की एचआरए को लेकर कोई एक समान नीति नहीं है। सेल की एकरूप एचआरए पॉलिसी न होने के कारण कार्मिकों में एचआरए विसंगतियों को लेकर असंतोष व्याप्त है। भिलाई, बोकारो, दुर्गापुर आदि इस्पात संयंत्रों में कंपनी के कई बड़े मकानों को थर्ड पार्टी को आबंटित किया गया है। इन समस्याओं के चलते कार्मिकों को पात्र मकान उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं एवं कई कार्मिक टाउनशिप से बाहर रहने पर मजबूर हैं। कार्मिकों का हाऊस रेंट अलाउंस, सेल की यूनिफार्म पालिसी बनाकर प्रारंभ किया जाए। सेफी ने मेकॉन के 11 महीने के पर्क्स का एरियर्स के लिए भी चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में महासचिव संजय आर्या, सेफी उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह एवं सेफी उपमहासचिव आर सतीश शामिल थे।

# रेलवे के तीन डिवीजन में चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आरपीएफ ने अभइयान चलाकर टिकट ददालों समेत रेलवे क्षेत्र के अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत भिलाई-दुर्ग में यात्री ट्रेनों और स्टेशनों में भूलवश छोड़े गए सामानों को ऑपरेशन अमानत के तहत रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों को सुपुर्द किया। रेलवे सुरक्षा बल को रेल मदद, ट्विटर या अन्य माध्यमों से रेल यात्रियों के भूलवश छूटे सामानों की जानकारी सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को मिलती है। सुरक्षा नियंत्रण कक्ष में तैनात स्टाफ के द्वारा यात्रियों के दिए गए मोबाईल से संपर्क कर उनके ट्रेन नम्बर, कोच नम्बर या स्टेशनों की जानकारी प्राप्त कर अगले आने वाले रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को सूचित किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल, पोस्ट द्वारा यात्री के द्वारा बताए अनुसार कोच या स्थान में पहुंचकर उनके छुटे हुए सामान को प्राप्त कर यात्री को सूचित किया जाता है। घर से बिछड़े बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने में ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते का बड़ा योगदान रहा है। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा रेस्क्यू किया जा रहा है। जिसे रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए चाईल्ड हेल्प ग्रुप के माध्यम से मान्यता प्राप्त चाईल्ड हेल्प लाईन को सुपुर्द किया जा रहा है।

■ कई सामान किए बरामद

**ऑपरेशन अमानत**

| वर्ष | सामान | कीमत |
|---|---|---|
| 2024 | 1221 | 2.83 करोड़ |
| 2025 | 144 | 23.53 लाख (जनवरी तक) |

**अवैध टिकट दलालों**

| वर्ष | अवैध टिकट | रकम |
|---|---|---|
| 2024 | 327 | 1.27 करोड़ रूपये |
| 2025 | 33 | 9.23 लाख रूपये |

**स्पेशल टास्क फोर्स**

| वर्ष | आरोपी |
|---|---|
| 2024 | 267( दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर) |
| 2025 | 60 |

# अचानक चल बसे राजेश्वर, सूना हुआ रंगमंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के कलाकार राजेश्वर कहार के आकस्मिक निधन का समाचार जिसने सुना, एकदम से यकीन नही हुआ। अपने सुरीले गीतों से संगीतप्रेमियों के दिलों में जगह बना रहे युवा और प्रतिभावान के इस तरह चले जाने पूरी कलाकार बिरादरी के साथ उन्हें चाहने जानने वाले गमगीन है। कलाकारों ने उनके निधन को आंचलिक संगीत जगत की अूपरर्णीय क्षति बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। दो दशक से अधिक समय से कला क्षेत्र में सक्रिय प्रतिभाशाली कलाकार हरनाबांधा दुर्ग निवासी 43 वर्षीय राजेश्वर कहार का 11 फरवरी को ह्दयाघात से निधन हो गया। वे दो दिन पूर्व ही प्रयागराज के महाकुंभ के तीर्थ से लौटे थे और दुर्ग नगर निगम के चुनाव में मतदान भी किया था। वोट डालने के बाद घर पहुंचे तो उन्हें बेचैनी हुई और कुछ मिनटों में ही हार्ट अटैक से उनकी सांसें उखड़ गईं। किशोरावस्था से नाटकों व संगीत में रुचि रखने वाले राजेश्वर मुफलिसी और कला के मोर्चे पर संघर्ष कर दुर्ग के मोहल्लों व नुक्कड़ पर ब्रेड टोस्ट बेचते और नाटक में छोटे किरदार भी निभाते। दो तीन साल पूर्व ही अहिवारा में नया घर बनाने के बाद पेट्रोल पंप में बतौर मैनेजर काम करते हुए भी उनकी कला परवान चढ़ती गई। 90 के दशक में वरिष्ठ रंगकर्मी नकुल महुलवार के आदर्श नाट्य मंच से जुड़े और विरोध, धारा 144 व सदाचार का ताबीज व डांढ़ जैसे कई नाटकों में निगेटिव कलाकार से सहायकों के किरदार निभाए।

■ रंगमंच छत्तीसगढ़ी व शार्ट फिल्मों और सुरीले म्यूजिक एलबमों के जुनूनी कलाकार







#### रंगमंच व संगीत में बनाई पहचान

पिछले एक डेढ़ दशक के दौरान राजेश्वर ने दो तीन छग फिल्मों में सहभागिता के साथ शार्ट्स फिल्में भी बनाईं और सुरीले छग गीतों के माते रहिबे और दीया बाती सहित बीस म्यूजिकएलबमों का निर्माण किया। उन्होंने यू ट्यूब पर अपने ब्रो इंटरटेन्मेंट नामक चैनल से लोकप्रियता बटोरी। वरिष्ठ कलाकार नुकल महलवार बताते हैं कि राजेश्वर शुरु से एक जुनूनी कलाकार के साथ नेक दिल इंसान थे। उनके अचानक चल बसने से हमने एक समर्पित कलाकार खो दिया है। स्व. राजेश्वर के रिश्तेदार कथाकार कैलाश बनवासी बताते हैं कि उन्हें रंगमंच और संगीत की अच्छी समझ थी, समर्पित कलाकार के साथ मिलनसार थे। उनका आकस्मिक निधन कला बिरादरी की अपूर्णीय क्षति है। अमृतलाल कहार के बड़े पुत्र राजेश्वर अपने पीछे दो छोटे पुत्रों पत्नी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।




# राजहरा माइंस में ओए का निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, हुए लाभान्वित



**भिलाई।** आफिसर्स एसोसिएशन, यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस व हेल्थ इंश्योरेंश टीपीएके तत्वावधान में भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा व दल्ली माइंस के अधिकारियों और परिवार के सदस्यों के लिए सिटीजन क्लब राजहरा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर से डॉ. कासिम खान, (मेडिसिन), डॉ. शुभम कुमार (ऑर्थोपेडिक) डॉ. सुभोही नकवी, (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. संतोष चावला, (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट), डॉ. सावन, (हृदय रोग विशेषज्ञ) ने सेवाएं दीं। शिविर सेफी के चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष श्री एन.के. बन्छोर एवं ओए महासचिव परविंदर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। श्री बन्छोर ने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण कराने आए लोगों से अनुरोध कि इस शिविर के चिकित्सकों द्वारा बताए गए जीवनदायिनी उपायों एवं सुझावों पर जरूर अमल करें। शिविर का 100 से ज्यादा लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में ओए उपाध्यक्ष माइंस नितेश क्षत्री वजोनल प्रतिनिधि अमित कुमार सिन्हा, टी.पी.ए. ऑफ इंडिया लि. के चेतन शर्मा तथा रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर के को-आर्डिनेटर राहुल पाठक तथा ओए के जेशन राज आदि का योगदान रहा।

### बीएसपी कांट्रेक्टर एंड लेबर वेलफेयर सोसायटी की बैठक

# टाउनशिप में ठेकेदारों को मिले आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र कांट्रेक्टर एंड लेबर वेलफेयर सोसायटी के सोसायटी के सेक्टर 7 कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष सीजू एंथोनी ने की। बैठक में आमसभा बुला कर बीएसपी के खिलाफ मोर्चा खोलने के लिए सभी सदस्यों से निवेदन किया है की 19 फरवरी को 11 बजे सोसायटी के सेक्टर 7 बीएसपी हिंदी मिडियम स्कूल स्थित, कार्यालय में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने और बीएसपी प्रबंधन से मांग की गई कि न्यूनतम वेज को मद्देनजर रखते हुए ही नया टेंडर निकाला जाए । वर्तमान में मेन पावर की कमी से जूझ रहे संयंत्र प्रबंधन के पास लेबर कांट्रेक्ट में लेने के अलावा और कोई चारा नही है। इसलिए टेंडर पूर्व ही आर्थिक रूप से श्रमिकों के हितों का ध्यान रखा जाए। बायोमेट्रिक अटेंडेंस की बाध्यता को समाप्त किया जाए । ठेका श्रमिकों को भी टाउनशिप मे क्वार्टर,सेक्टर 9 अस्पताल मे इएसआइसी के माध्यम से चिकित्सा की सुविधा पंजीकृत कांट्रेक्टर को टाउनशिप में आवास एंव सेक्टर 9 अस्पताल में चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाए की जाए। प्लांट में दुर्घटना में श्रमिक की मृत्यु होने पर इंश्योरेंस से 10 लाख की सुनिश्चता के बाद भी ठेकेदार को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,नवीन सिंह, कोषाध्यक्ष वीके बाबू,जावेद अंसारी, राजेश सिन्हा, इंद्रजीत सिंह, राजेश गीड,आदि सदस्य मौजूद थे।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129



कनाडा की दुल्हन

## लाइव इवेंट

### अंतर विश्वविद्यालयीन हैण्डबॉल महिला प्रतियोगिता ओडिसा में आज से, दुर्ग टीम लेगी हिस्सा




**भिलाई।** हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की हैण्डबॉल महिला टीम ओडिसा में आज से आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसके लिए सत्र 2024-25 में हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय की महिला टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई। 17 से 19 फरवरी तक बरहमपुर विश्वविद्यालय, ओडिसा में आयोजित ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयीन हैण्डबॉल महिला प्रतियोगिता में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने दुर्ग की हैण्डबॉल महिला टीम ने कड़ी मेहनत की है।

खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बीएसपी स्कूल ग्राउंड सेक्टर-10 भिलाई में आयोजित कराया गया था। टीम के सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया। हैण्डबॉल महिला टीम पिछले सत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता रही थी। इस अवसर पर खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव, टीम के मैनेजर डॉ. अजय लॉजेवार सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय, दुर्ग व कोच ए.प्रिया राव व्यायाम शिक्षिका मैत्री विद्या निकेतन भिलाई उपस्थित रहे।

टीम में प्रिया तिवारी, सुनिधि मिश्रा सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग, सिमरन, प्रीति कावड़े, मनीषा शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, प्राची साहू शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, ए. अर्चना शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय दुर्ग, कनक माली शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा, प्रियंका बर्वे शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा, सुषमा साहू शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, सिद्धि श्रीवास्तव शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, लोकेश्वरी शासकीय महाविद्यालय पाटन, सोनावती शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा, उत्तरा धीवर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के खिलाड़ी शामिल है।

● राज्य के किसी भी जिले के 9वीं से 12वीं तक के बच्चे एआईसीटीई आइडिया लैब का कर पाएंगे इस्तेमाल

# सरकारी और निजी स्कूल व कॉलेजों के छात्र मुफ्त में लाखों की मशीनों से अपनी टेक्निकल कल्पनाओं को दे सकेंगे मूर्त रूप, 90 लाख से बनेगी आइडिया लैब

भारत सरकार के अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने भिलाई-दुर्ग के स्कूल व कॉलेजों में विज्ञान की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को आइडिया लैब की सौगात दे दी है। आइडिया लैब का मकसद बच्चों और युवाओं में इनोवेटिव आइडियाज को डेवलप करना है। इस लैब में प्रोटोटाइप और फिर प्रोडक्ट बनाना सिखाया जाएगा। लैब स्थापित करने के लिए एआईसीटीई ने देशभर के तकनीकी संस्थानों से प्रपोजल मंगवाया था। प्रजेंटेशन और विजन के आधार पर संस्थानों का चयन किया गया। इसमें रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज ने भी अपनी क्षमता दिखाते हुए आइडिया लैब की चयन सूची में जगह बनाई।

**भिलाई।** एआईसीटीई ने भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज को आइडिया लैब स्थापित करने स्वीकृति जारी कर दी है। करीब 4 हजार स्क्वेयर फीट में स्थापित होने वाली इस लैब में 9वीं से 12वीं तक के छात्र अपनी टेक्निकल कल्पनाओं को मूर्त रूप दे सकेंगे। यह लैब साल के सभी दिनों में चौबीस घंटे खुली रहेगी, जिसमें प्रदेश का कोई भी अपने प्रोजेक्ट्स कर पाएगा। इसी तरह आइडिया लैब के जरिए प्रोफेसर्स बच्चों व युवाओं को साइंस एंड टेक्नोलॉजी से जोड़ने मुहिम चलाएंगे। इस लैब में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों ही तरह के प्रोजेक्ट्स किए जाएंगे। इस लैब के जरिए शासकीय स्कूलों को विशेष साइंस



प्रोजेक्ट्स देने के साथ उन्हें इसमें माहिर बनाने का भी काम होगा। इससे बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे इस फील्ड में आगे आएंगे।

### नहीं लगेगा कोई शुल्क

आइडिया अच्छा होने पर कोई भी इस लैब का हिस्सा बन सकेगा। अगर कोई व्यक्ति पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन उसके पास अच्छा आइडिया है तो भी उसे इस लैब में आने की अनुमति होगी। रूंगटा ग्रुप के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि, जल्द ही लैब की स्थापना और इसकी मशीनरी के लिए रूपरेखा तैयार होगी। वहीं अगले कुछ महीनों में बच्चे व युवा इस लैब में आकर अपने प्रोजेक्ट्स शुरू कर सकेंगे।

### जानिए आइडिया लैब में क्या मिलेगा

लैब में कंप्यूटर वर्कस्टेशन, ड्रोन असेंबली स्टेशन, ड्रोन पार्ट्स, थ्री डी प्रिंटर, वर्कशॉप टूल्स, हर तरह के सेंसर और मोटर जैसी कई सुविधाएं होंगी। इनकी मदद से प्रोडक्ट, डिजाइन किए जा सकेंगे। कोई स्टूडेंट चाहे तो रात 12 बजे भी यहां काम कर सकता है। लैब में दो शिफ्ट में काम होगा। ये मल्टीडिस्पिलनरी होगी।

### इनोवेशन दिखा पाएंगे स्कूली बच्चे

आइडिया लैब में प्रयोग करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए कोई विशेष क्राइटेरिया नहीं रखा गया है। न ही उनके लिए अंकों का बंधन है और न ही विज्ञान या गणित विषय की बाध्यता होगी। किसी भी विषय के हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में पढ़ने वाले राज्य के किसी भी जिले के बच्चे एआईसीटीई आइडिया लैब का इस्तेमाल कर पाएंगे। इलेक्ट्रिकल से लेकर मैकेनिकल स्तर के प्रोजेक्ट्स के लिए जरूरी कहे जाने वाले सभी तरह के इंस्ट्रूमेंट्स यहां मौजूद होंगे। प्रोजेक्ट मेकिंग करने विशेष पेड सॉफ्टवेयर का फायदा विद्यार्थियों को मुफ्त में मिलेगा।

### स्कूली शिक्षा में हो सकेगा सुधार

भिलाई में आइडिया लैब के बनने से स्कूली शिक्षा में बड़ा सुधार होगा। इससे बच्चों में विज्ञान के प्रति दिलचस्पी जागेगी। आइडिया लैब की ओर से विभिन्न ट्रेनिंग कैम्प लगाए जाएंगे, जिससे बच्चों में विज्ञान की समझ बढ़ेगी। सामान्य टेक्नोलॉजी के साथ बच्चों को थ्रीडी प्रिंटिंग, इमेज प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, जॉब वर्क मेकिंग सरीखे दर्जनों प्रोजेक्ट समझाए जाएंगे। रूंगटा कॉलेज में एआईसीटीई आइडिया लैब के समन्वयक डॉ. सौरभ रूंगटा और सह-समन्वयक डॉ. रामकृष्ण राठौर ने बताया कि, आइडिया लैब का मकसद बच्चों और युवाओं में इनोवेटिव आइडियाज को डेवलप करना है। लैब में प्रोटोटाइप और फिर प्रोडक्ट बनाना सिखाया जाएगा। लैब स्थापित करने के लिए एआईसीटीई ने देशभर के तकनीकी संस्थानों से प्रपोजल मंगवाया था। प्रजेंटेशन और विजन के आधार पर संस्थानों का चयन किया गया। इसमें रूंगटा आर-१ इंजीनियरिंग कॉलेज ने भी अपनी क्षमता दिखाते हुए आइडिया लैब की चयन सूची में जगह बनाई।




## सिटी इवेंट

### मेहनत के साथ अनुशासित कार्ययोजना बना कर करें पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षा में मिलेगी सफलता



**भिलाई।** शासकीय नौकरी के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल करने के विषय पर कार्यशाला का आयोजन कल्याण पी जी महाविद्यालय भिलाई में केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के केमिकल सोसाइटी द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि और वक्ता दिग्विजय कुमार सहायक कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय शर्मा व उप प्राचार्य डॉ लखन चौधरी उपस्थित रहें।

इस अवसर पर डॉ लखन चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पढ़ाई के बाद सबकी योजनाएं होती है। शासकीय सेवा प्राप्त करने साथ ही सामाजिक सरोकार के विषय में कहा कि जो हमने पाया है उसको समाज के अन्य लोगो तक भी पहुंचाने की जिम्मेंदारी भी हमारी होती है। डॉ विनय शर्मा ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत बड़ा महत्व है किसी भी कार्य को करने के लिये मेहनत के साथ अनुशासित कार्ययोजना बना कर किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

**विषयवार पुस्तकों की दी जानकारी,,,, :** दिग्विजय कुमार ने अपने वक्तव्य में बताया कि किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए पढ़ने से ज्यादा है कि क्या नही पढ़ना है वो पता रहना चाहिये। इसके साथ ही जो पढ़ रहें है उसकी विषय वस्तु की जानकारी कितनी सत्य है व उसके स्त्रोत के बारे में जानकर एक कार्ययोजना बना कर पढ़ाई करना चाहिए। जिससे सफलता की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने विषय वार पुस्तकों की भी जानकारी दी और छात्रों के उज्वल भविष्य और सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

**मेरिट लिस्ट में आई दीपाली और मेघा :** विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नरेश देशमुख ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित मेरिट लिस्ट में डिपार्टमेंट की छात्रा दीपाली साहू ने छठवां व मेघा साहू ने नौवां स्थान प्राप्त कर डिपार्टमेंट के मान बढ़ाया है। कार्यक्रम का संचालन सहा प्रध्यापक थानेश्वर साहू ने किया। इस कार्यक्रम में विभाग के सह प्रध्यापक रुचि तिवारी, प्राची वर्मा, गोपाल देशमुख लैब अटेंडेंट श्रीकांत व एमएससी के सभी स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।



# रमेन्द्रनाथ स्मृति काव्योत्सव में कविता संग्रह का हुआ विमोचन

**भिलाई।** पूर्व संयंत्र कर्मी एवं शब्दशिल्पी स्व. रमेन्द्र नाथ दास की स्मृति में आयोजित काव्योत्सव में अनेक दिग्गज शामिल हुए। कथाशिल्पी, कवि एवं अभिनेत्री संतोष झांझी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस काव्योत्सव की अध्यक्षता कवि एवं बाल साहित्यकार गोविन्द पाल ने की। इस अवसर पर रमेन्द्रनाथ स्मृति काव्य संग्रह का भी विमोचन किया गया।



श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में संडे कैम्पस के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के वंदन पूजन से की गई। गोविन्द पाल के काव्यपाठ से प्रारंभ हुए इस काव्योत्सव में डॉ अलका दास, डॉ बीना सिंह रागी, सोनिया सोनी, श्रद्धा मिश्रा, जयप्रकाश श्रीवास्तव, ए विजय लक्ष्मी, कांता चौधरी, डॉ अनिता पाण्डेय, कांचीलता, विशाल सोनी आदि ने अपनी कविताएं पढ़ीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि संतोष झांझी ने अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय रचनात्मकता को बढ़ावा देने के प्रत्येक कार्य में अग्रणी रहा है। संडे कैम्पस के साथ पिछले सात साल से महाविद्यालय का संबंध बना रहा है तथा एनईपी के अनुरूप कार्यक्रमों में आगे भी प्रयास किये जाते रहेंगे। अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि वे कविता और साहित्य से अब तक दूर ही रहे हैं पर आज के कार्यक्रम से उन्हें लगता है कि यह भी जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। महाविद्यालय की कोशिश ऐसे कार्यक्रमों के लिए वक्त निकालने की रहेगी। कार्यक्रम का संचालन राजलक्ष्मी घोष ने किया। इस अवसर पर संडे कैम्पस के संचालक दीपक रंजन दास, डॉ लक्ष्मी वर्मा, अभिषेक दास, डॉ सीमा द्विवेदी, हर्षा बैस, रीमा सिंह, पद्मश्री, वैष्णवी, डॉ सोनिया बजाज, डॉ मालती साहू सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित थे।

# मां अनुसूया महाराष्ट्र मंडल ने पुलवामा में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** पुलवामा में आतंकवादी कायराना हमले में सीआरपीएफ के शहिद वीर जवानों को मां अनुसूया महाराष्ट्र मंडल भिलाई-दुर्ग द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। उन्ही शहीद 40 सीआरपीएफ के जवानों की याद में मंडल कि महिला सदस्यों श्रद्धांजलि अर्पित किये। मंडल कि अध्यक्ष नंदा शेगोकर, सचिव मंदा ताई कामीनकर, वैशाली नगर पार्षद स्मिता दोडके ने शहीद हेमू कालानी को पुष्प माला पहनाकर व एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर मंडल की रेणुका, वर्षा, श्रुती, संगीता, मनवित, भारती, प्रभा, अभिलाषा ज्योती, माला, निरिक्षा, नीलम, साक्षी, इशिका, सरोज, वनश्री, ममता, दिव्या, अमृता, शिखा सहित सभी मंडल कि सदस्यों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार व्यक्त किये।



## भिलाई में ज्योतिष के महाकुंभ हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में मिला निःशुल्क ज्योतिषीय परामर्श

# निःशुल्क ज्योतिष परामर्श में विद्वानों से लिया मार्गदर्शन उत्कृष्ट सेवा देने ज्योतिषाचार्य हुए सम्मानित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान भिलाई-दुर्ग द्वारा रविवार को कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुबह सम्मेलन के उद्घाटन सत्र दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, शिक्षाविद आई पी मिश्रा, ज्योतिषाचार्य महेश खजांची मध्यप्रदेश, रमेश व्यास राजस्थान, प्रियाशरण त्रिपाठी, अनंतधर शर्मा, नागेश्वर राव रायपुर, देवनारायण शर्मा, जयंत पांडेय महाराष्ट्र, ए के वर्मा सहित देश व राज्य के जाने माने ज्योतिष उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन में विद्वान ज्योतिष व गुरु विजयकांत भट्ट और वायएसएन मूर्ति को 50 वर्ष से अधिक समय से ज्योतिष क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने और ज्योतिष स्व. जी रंगाराव को मरणोपरांत ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया किया गया। इस दौरान कई ज्योतिषों को ज्योतिष रत्न, ज्योतिष शोध रत्न, ज्योतिष विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन की मुख्य विषय वस्तु आधुनिक परिदृश्य व तकनीकी युग में ज्योतिषीय शोध की आवश्यकता रखा गया था। कार्यक्रम में ज्योतिष व संस्कृत के विद्वानों ने शोध व दीर्घकालिक अनुभव साझा किया। सांसद विजय बघेल ने ज्योतिष की महत्ता पर प्रकाश डाला। विधायक रिकेश सेन ने ज्योतिष को आगे बढ़ाने पूर्ण सहयोग देने प्रतिवर्ष आयोजन में सहयोग करने की बातें कही। सम्मानित ज्योतिषों ने चयनित 12 विषयों पर सारगर्भित शोध प्रस्तुत किया।









स्वर्गीय जी रंगाराव की स्मृति में आयोजित इस सम्मेलन के दौरान ज्योतिष स्मारिका के रूप में ज्योतिष दर्शन पत्रिका का विशिष्ट अंक प्रकाशन भी किया गया। ज्योतिष सम्मेलन में उमेश चितलांगिया, दादाराव बोरोडे, पी डी स्वर्णकार, पी विश्वेशर, राजेन्द्र मंत्री, चिरंजीव जैन को ज्योतिष में उत्कृष्ट कार्य व सहयोग के लिए ज्योतिष रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर निःशुल्क ज्योतिषीय परामर्श का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित लोगो ने अपनी व अपने बच्चों की कुंडली का निःशुल्क विश्लेषण देश भर से आए विद्वान ज्योतिषों से कराया।

**सिटी इवेंट**

## आदिवासी समाज संगठित होकर फिर से प्राप्त कर सकते हैं वैभव



**भिलाई।** श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था द्वारा सांस्कृतिक व पारंपरिक महोत्सव का आयोजन गोंदिया में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजमाता फुलवा देवी कांगे और डॉ. परदेशी वर्मा थे। इस दौरान ग्रंथ का विमोचन किया गया। श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था द्वारा कचारगढ़, गोंदिया में आयोजित देव जात्रा, पेन सम्मलेन एवं सांस्कृतिक, पारम्परिक महोत्सव के अंतर्गत विमोचन समारोह में अगासदिया प्रकाशन दुर्ग की विशेष प्रस्तुति क्रांतिकारी आदिवासी अग्रदूत हीरा सिंह देव उर्फ कंगला मांझी द्वारा गोंडी एवं हिंदी में लिखित चर्चित व शोध के लिए उपयोगी ग्रंथ भारत भूमिका का विमोचन किया गया। जिसके संपादक साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा हैं।

- **श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था द्वारा आयोजन**

मुख्य अतिथि राजमाता ने अपने उद्बोधन में कहा कि कंगला माझी की इच्छा थी कि गोंड आदिवासी शिक्षित हो। शिक्षा के द्वारा ही पूरा समाज विकसित हो पाएगा। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. परदेसी राम वर्मा ने बताया कि कंगला माझी ने आदिवासी प्रकृति के अनुरूप संगठन को नया आयाम दिया। आत्माभिमान जगाने के लिए इतिहास के परिपेक्ष्य में आदिवासी समाज को बताया कि वह कितने सक्षम है, उनका भूतकाल वैभवशाली था। संगठित होकर हम एक बार फिर से वैभव को प्राप्त कर सकते हैं। हमें मानव समाज की रक्षा के लिए मर मिटना होगा। उन्होंने बताया कि भारत भूमिका किताब पहली बार हिंदी और गोंडी भाषा में आई है जो अपने आप में अभिनव कार्य है।

कार्यक्रम में साहित्यकार बद्री प्रसाद पारकर, समाजसेवी मुनीलाल निषाद, शिक्षाविद डॉ. रजनी नेल्सन, कुम्भदेव कांगे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंगला माझी संस्था, स्वयंसिद्धा डायरेक्टर डॉ सोनाली चक्रवर्ती, दुर्गाबाई तिदाले सदस्य जिला पंचायत गोंदिया, पूजा बाई बरकडे सरपंच कोसमतरा, सुनीता थेर सामाजिक कार्यकर्ता, आर.एस.उइके महासचिव मांझी सरकार, राजकुमारी कांगे कानूनी सलाहकार मांझी सरकार, शशि कला सलाम, राम सोरी प्रांत अध्यक्ष, सुमन लाल उइके कार्यकारी अध्यक्ष, इंदर सिंह बरने प्रान्त अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**लाइव इवेंट**

## स्वच्छता अभियान टीम ने ग्रामीण मतदाताओं को किया जागरूक



**भिलाई।** स्वच्छता अभियान टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा समिति अंतर्गत निरंतर 360 सप्ताह से जारी अभियान के तहत नगरीय निकाय चुनाव के बाद ग्रामीण मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। आज पंच, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होने जा रहा है जिसके लिए स्वच्छता अभियान टीम का गोदित ग्राम हनोदा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गली-गली, मोहल्ले में बैनर, पोस्टर, स्लोगन, नारों से सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट हमारा अधिकार है। हम सब ने ठाना है सौ प्रतिशत वोट कराना है। जैसे नारे लगाते हुए रहवासियों के दरवाजे पर जाकर के मतदान देने के लिए सभी मतदाताओं को जागृत किया। उन्हें बताया गया कि आपका एक मत बहुमूल्य है जिसे आप अपनी इच्छा अनुसार प्रत्याशी के चयन करने में उपयोग कर सकते हैं। गली मोहल्ले का भ्रमण करते हुए स्वच्छता का भी संदेश भी दिया। बोरिंग, नल के पास पानी भरती हुई महिलाओं को भी आसपास साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। जिससे गली मोहल्ले में साफ सफाई का नजारा भी दिखाई दिया। स्वच्छता अभियान टीम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रेमचंद साहू, संयोजक हर्षदेव साहू, उपाध्यक्ष देवेश साहू, सचिव शैलेंद्र साहू, गुलाब साहू, परस साहू, भूपेंद्र साहू, ऋतु ताम्रकार, भुवन लाल साहू, बृजेश साहू, आर लखेंद्र साहू, नन्हे सिपाही जयंस कुमार साहू, ऐश्वर्या साहू सहित अन्य लोगो ने स्वच्छता का संदेश दिया।

**धर्म लाइव**

## संकटमोचन हनुमान मंदिर केम्प-1 में बालमुकुंदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा



**भिलाई।** संकटमोचन हनुमान मंदिर कैंप 1 के प्रांगण में बालमुकुंदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय जीर्णोद्धार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठ के इस आयोजन में आचार्य पं ओम प्रकाश द्विवेदी, काशी से आए हुए आचार्य जयशंकर पाण्डेय, आचार्य नीरज पाण्डेय, कृष्ण पाण्डेय और केयूर पाण्डेय के वैदिक मंत्रों उच्चार द्वारा बालमुकुंदेश्वर महादेव की प्रतिष्ठा की जाएगी। आयोजन में माता गौरी, कार्तिकेय, विध्नहर्ता गणेश और नंदीश्वर महाराज की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा यजमान नित्यानंद पाण्डेय, रमेश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद सिंह, अनुज पाण्डेय, कमला देवी दवरा स्थापित की जाएगी।

● - सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर का मनाया गया 15वां स्थापना दिवस, भजनों में झूमे भक्त

# सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में प्रतिमा का विभिन्न द्रव्यों से किया अभिषेक और 108 थाल से की महाआरती व आतिशबाजी

**भिलाई।** सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग में माता की प्रतिमा का 15वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी ने पंचामृत के साथ फल, फूल सहित विभिन्न द्रव्यों से माता का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया। शाम को 108 दीपों व थाली से महाआरती की गई। शाम को शानदार आतिशबाजी कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम चुनाव में विजयी प्रत्याशी माता का आर्शिवाद लेने मंदिर पहुंचे थे साथ ही आसपास सहित दूरदराज से सैंकड़ों भक्त उपस्थित रहे और माता के भजनों पर देर शाम तक नाचते झूमते रहे। श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा दुर्ग में माता की विशाल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को 15 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के राहुल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 9 बजे मंदिर के मुख्य पुजारी सुनील पांडेय द्वारा दुर्गा माता का विभिन्न औषधियों एवं सामग्री से महाअभिषेक, हवन, पूजन एवं आरती कराई गयी, जिसमें सरिता राजेश शर्मा मुख्य यजमान के रुप में उपस्थित थे।





महाआरती कर प्रसाद किया ग्रहण

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान महेश टावरी, अजय शर्मा, राजेश शर्मा, योगेन्द्र शर्मा बंटी, नरेंद्र शर्मा, घनश्याम पंड्या, दुर्गा अग्रवाल, निर्मल शर्मा, राजू पुरोहित, मनोज गुप्ता, ललित शर्मा, विवेक मिश्रा, ईशान शर्मा, मनीष सेन, सूजल शर्मा, तारणी ढीमर, चंचल शर्मा, शशि श्रीवास्तव, किरण शर्मा, चंदा शर्मा, मनोरमा शर्मा, सुमन शर्मा, शिल्पी शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, कुलेश्वरी जायसवाल, आशीष मेश्राम, मोहित पुरोहित, रिषी गुप्ता, चिंटू शर्मा, प्रशान्त कश्यप, सोनल सेन, रवि राजपूत, बिट्टू यादव, सोनू गुप्ता, कृतज्ञ शर्मा, अनमोल पाण्डेय आदि मौजूद थे।



इस अवसर पर शाम 7 बजे 108 पूजा थाल और 108 दीपों से माता की महाआरती की गयी। जिसमें सभी उपस्थित धर्मप्रेमियों ने अपने हाथों में आरती की थाल लेकर माता की आरती भक्ति भाव के साथ कर उनका आर्शिवाद लिया। साथ ही खिचड़ी, हलवा, मिठाई और केक का प्रसाद वितरित किया गया। मन्दिर के 15वें वर्ष होने के अवसर पर आकर्षित आतिशबाजी की गयी। मंदिर परिसर में समिति के सदस्य, धर्मप्रेमी एवं उपस्थित लोग मधुर भजनों में भक्ति भाव के साथ नाचते-झूमते रहे। इस अवसर पर रात 8 बजे जन समर्पण सेवा संस्था के माध्यम से दुर्ग रेल्वे स्टेशन में समिति के सभी सदस्यों द्वारा सौ गरीब, असहाय, विकलांग व जरूरतमंदों को भोजन के साथ मिठाई व नमकीन का वितरण किया गया।



### स्थापना दिवस पर होते है धार्मिक आयोजन

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि 8 फरवरी से 15 फरवरी 2010 को गंजपारा दुर्ग में सभी के सहयोग से माँ दुर्गा मंदिर में माता की विशाल मूर्ति स्थापित की गयी थी। इसलिए हर वर्ष इस दिन मंदिर में माता की प्रतिमा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन माता के मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किये जाते है। माँ दुर्गा मंदिर का 15वां वार्षिक उत्सव के बाद चैत्र नवरात्र का पर्व भी बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है, मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र पर्व के लिए ज्योति कलश की बुकिंग भी अभी से प्रारंभ हो गई है। 15वें वार्षिक कार्यक्रम के अवसर पर शाम को नगर निगम चुनाव में विजयी लोग व मंदिर समिति में सक्रिय सदस्य पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता और कुलेश्वर साहू का मंदिर समिति द्वारा स्वागत कर माता की चुनरी से उनका सम्मान किया गया।

**आयोजन**

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहकर्ता ने दिए विशेष डाक टिकटों के संग्रह के लिए टिप्स

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार शनिवार को बस्तविहीन स्कूल दिवस के तहत बच्चों को गतिविधि मूलक शिक्षा व मनोरंजन के साथ जोड़ने की योजना सुनिश्चित की गई है। इस कड़ी में सेजस चरोदा में प्राचार्य जे.पी. श्याम और नवाचारी प्रधान पाठक राम कुमार वर्मा की पहल से विशेष डाक टिकटों के संग्रह और प्रदर्शनी के लिए व्यवस्थित करने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के वरिष्ठ एवं अंतर्राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रहकर्ता एस सुरेश राव तितुरडीह दुर्ग ने संकलित विशेष डाक टिकटों का प्रदर्शन बच्चों के सामने किया। साथ ही बच्चों के द्वारा संग्रहित डाक टिकटों को विषयवार वर्गीकरण कराते हुए प्रदर्शन के लिए टिकटों की संक्षिप्त जानकारी व लेखन के टिप्स बताएं।

- **अंतर्राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रहकर्ता एस सुरेश राव ने बच्चों को दी जानकरी**



### डाक टिकटों के संकलन का कराया सैद्धांतिक व प्रायोगिक अभ्यास



कार्यशाला में डाक टिकटों को दीर्घकाल तक सुरक्षित रखने, किसी भी तरह से नष्ट न होने देने, टिकटों में निहित सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रीय प्रतीकों, डाक विभाग एवं संचार सेवाओं के इतिहास, पशु-पक्षियों, बाल दिवस, विशिष्ट व्यक्तियों, समाज सुधारकों, सुप्रसिद्ध वैज्ञानिकों, आविष्कारकों, विभिन्न क्षेत्रों में बहादुरी का प्रदर्शन करने वालों के डाक टिकटों को संकलन का सैद्धांतिक व प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। इस कार्यशाला में छात्रा लक्ष्मी पटेल, दीक्षा भारती, वैष्णवी शर्मा, डी. गोपिका, खुशबू वर्मा, एस. लवली, वरुण वर्मा, राजवीर धुर्वे, अंशु सिंह, लावण्या वर्मा, लावण्या साहू,भूमिका चंद्राकर, भावना टंडन, मनीष देवांगन ने सक्रियता से भाग लिया। इन डाक टिकटों को आगामी दिनों आयोजित डाक टिकटों की प्रदर्शनी में कला मंदिर सिविक सेंटर में स्कूल की ओर से प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यशाला के दरमियान श्री राव द्वारा संकलित विशेष डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका अवलोकन कक्षावार बच्चों ने प्रभारी शिक्षिका मयूरी फड़के, रोशन वर्मा, दीपिका पटेल, निधिता यादव, इदरीश हुसैन, दीक्षा सोनवानी, शिखा बोहरे, नेहा तिवारी सहयोग से किया। टिकटों को देखकर बच्चों ने अपनी विभिन्न जिज्ञासाओं को वरिष्ठ फिलेटेलिस्ट एस. राव से पूछा और अपने अनुभव साझा किये।

**टी-शर्ट किया वितरण**

## दुर्ग जिला क्रिकेट सीनियर वर्ग में 16 खिलाड़ियों का हुआ चयन



**भिलाई।** सीएससीएस क्रिकेट बोर्ड के दिये निर्देश के अनुसार, ट्रायल्स, प्रदर्शन मैचेस, पूर्व में अंडर 23, अंडर 19, अंडर 16 मैच के प्रदर्शन के आधार पर 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें अर्पित श्रीवास्तव कप्तान, जितेश वर्मा उप कप्तान, विजय यादव, आदित्य वर्मा, जितेश चौहान, आकाश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, आकांशु क्वाइट, अमन साहू, चेतन सोनकर, सार्थक बाजपेई, अतुल सोनी, स्वयं पाण्डेय, आदित्य बारीक, आयुष सिंह, पोरस यादव, कोच कोंडल राव, मैनेजर आतिफ खान चयनित हुए। रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में सुबह जिला क्रिकेट संघ की सीनियर टीम के टी शर्ट का अनावरण कर वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सचिव प्रमोद पारख, संजीव श्रीवास्तव, सुरेश साहू, आशीष सूर्यवंशी, गुरमीत भोगल, कोंडल राव, कौशल वर्मा, आतिफ खान, सुनील जैन, गेंदालाल साहू एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत सिंह, राज आढ़तिया, सुरेश जैन व अन्य विशिष्ट जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। नवदृष्टि फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जिला क्रिकेट संघ के टी-शर्ट पर प्रिंटेड लोगो के लिए, संघ के प्रयास को सहृदय से साधुवाद दिया। जिसके बाद अपनी संस्था के रक्त दान, नेत्र दान, देह दान यह सब महा दान के सामाजिक महत्वता के विषय से उपस्थित खिलाड़ियों एवं विशिष्ट जनों को अवगत कराया। अंत में जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष ने सभी उपस्थित जनों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

**सीएससीएस क्रिकेट बोर्ड का आयोजन**

**सनातन भाषा व संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने हर गुरुवार लगेगी क्लास**

## संस्कृत संभाषण व गीता पाठ में 70 वर्षीय बुजुर्गों ने सीखे दैनिक व्यवहार के 25 वाक्य, बच्चों ने पूछा तव नाम किम अस्ति

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** बच्चों से लेकर सभी आयु वर्गों में संस्कृत का प्रचार-प्रसार करने संस्कृत मित्रमंडलम्, संस्कृत भारती, सनातन महासंघ एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत संभाषण एवं गीता पाठ की कक्षाओं का शुरुआत दुर्ग में हुई। अनेक जिज्ञासुओं ने इस कक्षा में ऑनलाइन भी भाग लिया। संस्कृत संभाषण, गीता मंत्र पाठ और संस्कृत परिचर्चा के लिए गुरुकुल शिक्षा की शुरुआत गणपति विहार दुर्ग में संस्कृत शिक्षक, प्राध्यापक एवं प्रचारकों द्वारा की गई। सप्ताह में एक दिन आयोजित होने वाले इस कक्षा के पहले गुरुवार को संस्कृत संभाषण एवं गीता पाठ में 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 70 साल के बुजुर्गों ने लिया भाग लिया। जिसमें बच्चों ने तव नाम किमस्ति बोलकर संस्कृत में कई प्रश्न किये।



### सभी ने संस्कृत में दिया अपना परिचय

संस्कृत संभाषण के प्रथम चरण में सभी ने संस्कृत में अपना परिचय दिया। कक्षा का नेतृत्व आचार्य डॉ. अजय आर्य ने किया। उन्होंने दैनिक व्यवहार में उपयोग में आने वाले 25 वाक्य बोलना सिखाया। संस्कृत में नाम पूछना, उत्तर देना, अपने परिवार का परिचय देना आदि सिखाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक पतिराम साहू ने कहा कि संस्कृत सनातन संस्कृति की आत्मा है। आचार्य अजय आर्य द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। संस्कृत पढ़ना और जानना एक अलग बात है और संस्कृत में धारा प्रवाह बात करना बिल्कुल अलग बात है। संस्कृत मित्र मंडलम की उपाध्यक्ष अनुपमा उपाध्याय ने कहा कि इस कक्षा ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है। मैं संस्कृत बोलने का प्रयास कर रही हूं।

### नई पीढ़ी को राह दिखाएगी यह कक्षा

निरंजन पांडे ने इस कक्षा में भाग लिया और कहा कि यह कक्षा नई पीढ़ी को राह दिखाएगी। उन्होंने कहा कि संस्कार, संस्कृति और संस्कृत आपस में जुड़े हुए हैं। संस्कृत से अपनी संस्कृति को समझा जा सकता है। 10 वर्ष के छात्र बालक अक्षत आर्यांश ने गीता का पाठ प्रस्तुत किया। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कक्षा पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से निशुल्क रूप से चलाई जा रही है। यह आयोजन सनातन भाषा, सनातन संस्कृति व परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### नॉर्वे पैरा-आर्म रेसलिंग कप में रजत पदक जीता श्रीमंत ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने नार्वे में आयोजित एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में +85 किलोग्राम वर्ग में भाग लिया और रजत पदक अपने नाम किया। श्रीमंत ने अपना यह पदक महाकुंभ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित किया है। यह प्रतियोगिता 13 फरवरी से 15 फरवरी आयोजित की गई। जिसमें श्रीमंत ने, पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक जीता।

झा ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी की है और आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। श्रीमंत ने इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाया है और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं और कई स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर आर्म रैसलिंग की अध्यक्षा प्रीति झींझानी छत्तीसगढ़ के आर्म रैसलिंगके अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, चेयरमैन बृज मोहन सिंह , सचिव श्रीकांत एवं कोच ऋषभ जैन ने श्रीमंत झा को शुभकामनाएं दी है।

### जिला क्रिकेट संघ ने जारी की चयनित खिलाड़ियों की सूची



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के निर्देशानुशार, ट्रायल्स, प्रदर्शन मैचेस, पूर्व में अंडर-23, अंडर-19, अंडर-16 मैच के प्रदर्शन के आधार पर दुर्ग जिला क्रिकेट संघ ने 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें अर्पित श्रीवास्तव (कप्तान), जितेश वर्मा (उप कप्तान), विजय यादव, आदित्य वर्मा, जितेश चौहान, आकाश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, आकांशु क्वाइट, अमन साहू, चेतन सोनकर, सार्थक बाजपाई, अतुल सोनी, स्वयं पाण्डेय, आदित्य बारीक, आयुष सिंह, पोरस यादव, कोच कोंडल राव और मैनेजर आतिफ खान है।

रविवार की सुबह जिला क्रिकेट संघ की सीनियर टीम के टी शर्ट का अनावरण एवं वितरण का कार्यक्रम रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में हुआ। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सचिव प्रमोद पारख, संजीव श्रीवास्तव, सुरेश साहू, आशीष सूर्यवंशी, गुरमीत भोगल, कोंडल राव, कौशल वर्मा, आतिफ खान, सुनील जैन, गेंदालाल साहू एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत सिंह, राज आढ़तिया, सुरेश जैन व अन्य लोगो की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिया अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नवदृष्टि फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जिला क्रिकेट संघ के टी शर्ट पर प्रिंटेड लोगो के लिए, संघ के प्रयास को सहृदय से साधुवाद दिया।तत्पश्चात अपनी संस्था के रक्त दान, नेत्र दान, शरीर दान यह सब महा दान के सामाजिक महत्वत के विषय से उपस्थित खिलाड़ियों को अवगत कराया। अंत में जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञापित किये। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

### राष्ट्रीय शालेय सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने जीता रजत पदक



**रायपुर।** औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 13 से 16 फरवरी तक के अंतर्गत सॉफ्टबॉल अंडर 14 बालक /बालिका वर्ग में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ क़ी बालिका वर्ग की टीम ने पुरे प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है 1 शाउमावि जेवरा-बेमेतरा के व्यायाम शिक्षक एवं टीम के कोच सह दल प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि, इस प्रतियोगिता मे देश के 16 राज्यों क़ी टीम ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ क़ी बालक वर्ग टीम ने लीग के मैचों मे क्रमशः गुजरात को 10-02 से तेलांगना को 10-02 से हराया किंतु क्वार्टर फाइनल मे चंडीगढ क़ी टीम से 00-01 से हार गयी 1 बालिका वर्ग की टीम ने लीग मैच मे क्रमशः जम्मू कश्मीर को 10-00 से तमिलनाडु को 10-00 से तथा चंडीगढ को 04-00 से हराकर क्वार्टर फाइनल मे आंध्र प्रदेश को 07-00 से हराया। सेमीफाइनल मे मेजबान राजस्थान क़ी टीम को 04-03 से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच में बालिका वर्ग की टीम को मेजबान महाराष्ट्र की टीम से 03-02 हार गई और टीम को रजत पदक प्राप्त हुआ. इस पूरे प्रतियोगिता में शाउमावि जेवरा के कोमल पाटिल, राजू निषाद आदि मौजूद थे।

## प्रदूषण को माना जा रहा है इन समस्याओं की जड़

# लोगों की कमजोर होती जा रही है याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता, सामने आई इसकी सबसे बड़ी वजह

आमतौर पर वायु प्रदूषण को फेफड़ों और हार्ट की समस्याओं के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है पर समय के साथ ये ब्रेन हेल्थ के लिए भी खतरनाक साबित होता जा रहा है। समय के साथ ये ब्रेन हेल्थ के लिए भी खतरनाक साबित होता जा रहा है। प्रदूषित हवा में थोड़े समय के लिए भी सांस लेने से आपकी याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है।

ब्रेन हेल्थ (मस्तिष्क की सेहत) में होने वाली समस्याएं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं। समय के साथ इसका खतरा बढ़ता ही जा रहा है। अध्ययनों में इसके लिए खराब होती लाइफस्टाइल और खान-पान से संबंधित दिक्कतों को एक कारण माना जाता रहा है।

एक हालिया रिपोर्ट में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि लोगों की सोचने-समझने की क्षमता समय के साथ कम होती जा रही है, वयस्कों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने याददाश्त में कमी को लेकर भी शिकायत की है। मस्तिष्क से संबंधित इन सभी विकारों के लिए वैज्ञानिकों ने बढ़ते वायु प्रदूषण को प्रमुख कारण पाया गया है। ब्रिटेन में किए गए हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण की समस्या तेजी से बढ़ती



जा रही है। आमतौर पर वायु प्रदूषण को फेफड़ों और हार्ट की बीमारी के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है पर समय के साथ ये ब्रेन हेल्थ के लिए भी खतरनाक साबित होता जा रहा है। प्रदूषित हवा में थोड़े समय के लिए भी सांस लेने से आपकी याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है।

### वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर मस्तिष्क के लिए ठीक नहीं

बर्मिंघम और मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर विशेषतौर पर पीएम 2.5 के संपर्क में रहने से आपकी सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है।

पीएम 2.5 वायु प्रदूषण का वह घटक है जो स्वास्थ्य को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाता है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2015 में वायु प्रदूषण के कारण होने वाले स्वास्थ्य संबंधित दुष्प्रभावों ने करीब 42 लाख लोगों की जान ले ली। इसे सिर्फ सांस लेने से या फेफड़ों की समस्या से जोड़कर देखना सही नही हैं, इसका आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता पर भी असर हो रहा है।



### ध्यान केंद्रित करने में लोगों को हो रही हैं दिक्कतें

जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित इस अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि जो लोग प्रदूषित हवा के अधिक संपर्क में रहते हैं उनके लिए ध्यान केंद्रित करना और भावनाओं पर नियंत्रण भी मुश्किल हो सकता है। दिमागी भटकाव की ये स्थिति रोजमर्रा के कामों पर भी गहरा असर डाल सकती है।

शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में 26 वयस्कों को दो समूहों में बांट कर अध्ययन किया है। इसमें एक समूह वह था जो प्रदूषित हवा के संपर्क में रहता था जबकि और दूसरे समूह के लोग स्वच्छ हवा में सांस लेते थे।

### अध्ययन में क्या पता चला?



दोनों समूह के लोगों की मस्तिष्क की कार्यक्षमता की जब जांच की गई तब पता चला कि जो लोग प्रदूषित वातावरण वाली जगहों पर रहते थे उनमें समय के साथ आत्म नियंत्रण और ध्यान केंद्रित करने जैसी समस्याएं बढ़ती गईं।

विशेषज्ञों ने अध्ययन में पाया कि हवा में मौजूद महीन कण जिन्हें पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) कहा जाता है, वह दिमागी क्षमता पर नकारात्मक असर डालते हैं। इतना ही नहीं कुछ घंटे भी पीएम 2.5 की संपर्क में रहना आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है।



# बच्चों की डाइट से चीनी कम करने के लिए अपनाएं कुछ जरूरी ट्रिक्स

बहुत ज्यादा चीनी बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में उनकी डाइट से चीनी कम करने के लिए आप कुछ आसान तरीके अपना सकती हैं। बच्चों को मीठी चीजें खाने का एक अलग ही शौक होता है। टॉफी से लेकर चॉकलेट और जूस तक, शुगरी आइटम्स बच्चों को काफी पसंद आती हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा मीठा उनकी सेहत को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे ना केवल उन्हें कैविटी की शिकायत हो सकती है, बल्कि वे अधिक थके हुए महसूस कर सकते हैं।

इसके अलावा, उन्हें मोटापा या डायबिटीज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में पैरेंट्स के रूप में यह जरूरी हो जाता है कि आप उनके शुगर इनटेक पर नजर बनाए रखें। हालांकि, बच्चों की डाइट में चीनी कम करने का मतलब उनके खाने को बोरिंग बनाना नहीं है। बल्कि बस आपको थोड़ा क्रिएटिव होने की जरूरत है। जिससे बच्चे अपने स्वाद को भी बरकरार रख पाएं और उनकी सेहत पर भी किसी तरह का नेगेटिव असर ना पड़े।

तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसे ही आसान तरीकों के बारे में बता रही हैं, जिन्हें अपनाकर आप बच्चे की डाइट से चीनी को आसानी से कम कर सकते हैं-

### मीठी ड्रिंक्स से बनाएं दूरी



अक्सर बच्चे मार्केट में मिलने वाले पैकेज्ड जूस या फ्लेवर्ड मिल्क पीना पसंद करते हैं। लेकिन इनमें बहुत ज़्यादा चीनी होती है और इसलिए इनका सेवन सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप इसकी जगह बच्चों को पानी, नारियल पानी या फिर सादा दूध दें। आप बच्चों को फलों से इंफ्यूज्ड वाटर भी दे सकते हो। इस तरह हर दिन अलग-अलग फ्लेवर का पानी पीना यकीनन बच्चों को काफी पसंद आएगा।

### स्मार्ट स्नैकिंग पर करें फोकस

बच्चों को स्नैकिंग करना काफी अच्छा लगता है, लेकिन वे स्नैकिंग के रूप में मार्केट में मिलने वाले पैकेज्ड कुकीज, कैंडीज और फ्लेवर्ड योगर्ट आदि खाना पसंद करते हैं। हालांकि, इनमें छिपी हुई शुगर होती है, जो बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाती है। इसलिए, आप स्नैकिंग के रूप में भुना हुआ मखाना या सूखे मेवे आदि उन्हें खाने के लिए दे सकते हैं। इसके लिए होल व्हीट टोस्ट पर पनीर स्लाइस और खीरे की मदद से एक सैंडविच बनाकर भी उन्हें दिया जा सकता है। यह काफी फिलिंग होता है और खाने में भी काफी टेस्टी लगता है।

### डेजर्ट को बनाएं हेल्दी

बच्चों को तरह-तरह की मिठाइयां खाना काफी पसंद आता है। लेकिन अक्सर पैरेंट्स उन्हें मीठा खाने से रोकते हैं। हालांकि, आपको उनकी डाइट से डेजर्ट को पूरी तरह से बाहर करने की जरूरत नहीं है।



# चीनी मिट्टी के बर्तन खरीदने से पहले जान लें जरूरी बातें, वरना हो सकता है पछतावा

चीनी मिट्टी के कई बर्तनों को बनाने के लिए नॉनवेज चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में अगर आप एक शाकाहारी हैं, तो आपको चीनी मिट्टी के बर्तन खरीदने से पहले कुछ बातें जरूर जान लेनी चाहिए।



### चीनी मिट्टी के कौन-से बर्तन नॉनवेज होते हैं?

बोन चाइना पॉटरी का एक खास प्रकार है। इन्हें मांसाहारी कहा जाता है। इन्हें बनाने के लिए करीब 50 हड्डियों का चूर्ण बोन ऐश मिट्टी में मिलाया जाता है। अधिकतर इसे सूअर की हड्डियों से बनाया जाता है। इससे बर्तन मजबूत और पारदर्शी बनते हैं। ऐसे में अगर आप नॉनवेज से बने बर्तन खरीदना चाहते हैं, तो आपको बोन चाइना पॉटरी बिल्कुल नहीं खरीदने चाहिए।

### कलर और शाइन चेक करें

चामोइस लेदर का इस्तेमाल मिट्टी को चमकदार बनाने और किनारों को चिकना करने के लिए किया जाता है। वीगन पॉटरी में हाथ और स्पंज के इस्तेमाल से फिनिशिंग दी जाती है। ऐसे में बर्तन के कलर और शाइन से आप उसके शाकाहारी होने का पता लगा सकते हैं।

### समुद्री स्पंज का होता है इस्तेमाल

समुद्री जीवों से प्राप्त समुद्री स्पंज, नेचुरल स्पंज से भी चीनी मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं। वहीं, शाकाहारी बर्तनों को बनाने के लिए सेल्यूलोज स्पंज का इस्तेमाल होता है, जो लकड़ी के रेशों से तैयार की जाती हैं। बता दें कि मिट्टी की ग्लेजिंग बनाने के लिए भी बकरी के बालों से बने ब्रश का इस्तेमाल किया जाता है।

### वीगन पॉटरी खरीदें

अगर आप अपने शोपीस और डाइनिंग टेबल पर एनिमल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो आपको वीगन पॉटरी ही खरीदनी चाहिए। वीगन सिरेमिक्स भी नॉर्मल चीनी मिट्टी के बर्तनों जैसे ही चमकदार होते हैं। इन्हें पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद माना जाता है।

# घर के किस कोने में काजल का टीका लगाने से दूर होता है वास्तु दोष, जानिए



वास्तु दोष से छुटकारा पाने के लिए कई तरह के उपायों और नियमों को अपनाएं जाते हैं। इनमें घर में काला टीका लगाना भी एक उपाय है। वास्तु शास्त्र में घर के सभी कोनों के महत्व के बारे में बताया गया है। वहीं दिशाओं को भी बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। घर के कोने में स्थित ऊर्जा व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती है।

अगर बात करें उत्तर-पूर्व कोना की, तो यह कोना ब्रह्मा का प्रतिनिधित्व करता है और इसे घर का सबसे पवित्र कोना माना जाता है। यहां पूजा स्थल बनाना शुभ माना जाता है। इस कोने में खुलापन और प्रकाश होना चाहिए। दक्षिण-पूर्व कोना अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। यहां रसोईघर बनाना शुभ माना जाता है।

दक्षिण-पश्चिम कोना पृथ्वी तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। यहां भारी वस्तुएं रखना शुभ माना जाता है। उत्तर-पश्चिम कोण वायु तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। यहां बच्चों का कमरा या अध्ययन कक्ष बनाना शुभ माना जाता है। अब ऐसे में काला टीके का प्रयोग नजरदोष से बचने के लिए लगाया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वहीं काला टिका अगर घर के कोनों में लगाया जाए, तो वास्तु दोष से भी छुटकारा मिल जाता है।

## कार्नर न्यूज

## कुछ खास फील्ड्स में बना सकते हैं सक्सेसफुल कॅरियर

# अकेले काम करने में लगता है आपका मन तो इन फील्ड्स में ढूंढें अपना कॅरियर ऑप्शन

काम के दौरान हमें सिर्फ अपने काम पर ही ध्यान नहीं देना होता है, बल्कि ऑफिस में अपने काम को करते हुए टीम के अन्य कलीग्स से लेकर लगातार होने वाली मीटिंग्स को भी मैनेज करना होता है। ऑफिस का वर्क कल्चर शायद हर किसी के लिए फिट नहीं बैठता है। खासतौर से, अगर आपको अकेले काम करना पसंद हैं, तो ऐसे में लगातार आने वाले कई चैलेंजेस आपको अंदर की अंदर काफी परेशान कर सकते हैं। लेकिन एक सफल करियर बनाने के लिए जरूरी नहीं है कि आप अपनी इच्छाओं के साथ समझौता करें।

दरअसल, ऐसे कई करियर ऑप्शन हैं, जो आपको अकेले काम करने का मौका देते हैं। इन फील्ड्स में आप बिना किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी के भी अपना काम कर सकते हैं और नाम कमा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही करियर ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं, जो अकेले काम करना पसंद करने वाले लोगों के लिए एकदम परफेक्ट साबित हो सकते हैं-

### फ्रीलांस राइटर


अगर आप क्रिएटिव फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो ऐसे में बतौर फ्रीलांस राइटर लिख सकते हैं। एक



फ्रीलांस राइटर के रूप में आप कहीं से भी ब्लॉग, आर्टिकल या किताबें लिख सकते हैं। अपनी राइटिंग स्किल्स के दम पर ना केवल आप अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि इसमें आपको किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी की जरूत नहीं होती है।

### फ़ोटोग्राफ़र

एक फोटोग्राफर के रूप में भी आप अपना एक उज्वल भविष्य देख सकते हैं। आप अपननी पसंद के अनुसार फोटोग्राफी में फील्ड का चयन कर सकते हैं। मसलन, आप वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बन सकते हैं या फिर प्रोडक्ट फोटोग्राफी के करियर ऑप्शन को चुन सकते हैं। इसे भी पढ़ें-फोटोग्राफर्स से लेकर व्लॉगर तक सबकी पहली पसंद हैं ये कैनन कैमरा, देखिए शौकिया व प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स दोनों के लिए अच्छे कैमरा विकल्प।



### करें ऑनलाइन बिजनेस

जो लोग खुद का कुछ करना चाहते हैं, वे ऑनलाइन बिजनेस का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। ऑनलाइन बिजनेस करते हुए आप ड्रॉपशिपिंग कर सकते हैं या फिर अपने कस्टमर से आमने-सामने बात किए बिना ऑनलाइन स्टोर चला सकते हैं। इस तरह, आप अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं या फिर खुद का भी एक ब्रांड क्रिएट कर सकते हैं।


### रिमोट वर्क

जिन लोगों को अकेले काम करना काफी पसंद आता है, वे रिमोट वर्क का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। आप वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में अपना करियर देख सकते हैं, जिसमें आप ई-मेल बेस्ड काम कर सकते हैं। ऐसे में आपको कॉल की जरूरत नहीं होती है। जो लोग प्रकृति के करीब रहना पसंद करते हैं, वे गार्डनिंग को भी बतौर करियर ऑप्शन चुन सकती हैं। इसके लिए आपको थोड़ी अतिरिक्त जगह होगी, लेकिन आप कई प्लांट्स को वहां पर रख सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बाफ्टा प्रेजेंटर्स की लिस्ट में कुछ और नाम जुड़ गए, सेलिब्रिटीज ने दी ट्रॉफी



बाफ्टा अवॉर्ड 16 फरवरी की शाम हुए। इन अवॉर्ड के प्रेजेंटर्स की एक लंबी लिस्ट पहले ही सामने आ चुकी थी। इसमें हॉलीवुड सिंगर-एक्ट्रेस सेलिना गोमेज, एक्ट्रेस जोई सल्डाना, सिंगर कमीला कबेयो शामिल थे। इस साल दर्शकों को सेलिना गोमेज, जोई सल्डाना, जेसी ईसेनबर्ग, जो एल्विन, इसाबेला रोसेलिनी, कोलमैन डोमिंगो और राल्फ फिएनेस जैसे हॉलीवुड सेलिब्रिटीज बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों को ट्रॉफी देते हुए नजर आए। कई और सेलिब्रिटीज के नाम भी शामिल हैं जिन्होंने बाफ्टा अवॉर्ड विनर को ट्रॉफी दी। इसमें एडम पियर्सन, एडम स्कॉट, एन्ना केंड्रिक, कैमिला कैबेलो, सेलिया इमरी, चिवेटेल एजियोफोर, हन्ना जॉन-कामेन, जेम्स मैकएवॉय, जेम्स नॉर्टन जैसे लोगों के नाम शामिल हैं। इनके अलावा भी कई नामी हॉलीवुड सेलिब्रिटी प्रेजेंटर्स की लिस्ट में शामिल हैं। बाफ्टा इवेंट की जहां तक बात है तो यह अवॉर्ड फंक्शन 16 फरवरी को लंदन में हुआ। इस भारत में लायंसगेट प्ले पर देखा गया। यह अवॉर्ड फंक्शन भी फिल्म मेकर्स, एक्टर्स के लिए काफी मायने रखता है।

बाफ्टा अवॉर्ड में कॉन्क्लेव और एमिलिया पेरेज को सबसे ज्यादा नॉमिनेशन मिले हैं। कॉन्क्लेव एक मिस्ट्री-थ्रिलर है, इसे 12 नॉमिनेशन मिले हैं। वहीं एमिलिया पेरेज, जो कि एक स्पेनिश भाषा की म्यूजिकल-थ्रिलर है, इसे 11 नॉमिनेशन मिले हैं। यह फिल्म पहले भी कई अवॉर्ड शो में अपना जलवा दिखा चुकी हैं। फिल्म एमिलिया पेरेज को ऑस्कर अवॉर्ड 2025 में कुल 13 नॉमिनेशन मिले हैं।

### टॉलीवुड

## एनटीआर को फिल्मों में लाने वाली वेणी ने शतक पूरा कर ली आखिरी सांस



साउथ सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री और निर्माता चित्तजल्लु कृष्णवेनी का 16 फरवरी को 100 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने एक फिल्म में बतौर प्रड्यूसर एनटीआर का डेब्यू करवाया था। उनका जन्म आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के पंगीडीगुडेम गांव में 24 दिसंबर 1924 को हुआ था। अभिनेत्री चित्तजल्लु कृष्णवेनी ने सती अनसूया -ध्रुव (1936) से अपनी फिल्मी यात्रा की शुरुआत की थी। बाद में उन्होंने मिर्जापुरम के राजा मेका रंगैया से शादी की और तेलुगु, तमिल और अन्य भाषाओं की कई फिल्मों में अभिनय किया। उनके निधन से सिनेमा जगत में शोक का माहौल है। अभिनेत्री की प्रमुख फिल्मों में मोहिनी रुक्मंगदा (1937), कच्चा देवयानी (1938), मल्ली पेली (1939) और गोलाभामा (1947) शामिल हैं। अभिनय के साथ ही उन्होंने फिल्म निर्माता के तौर पर भी काम किया। उन्होंने तेलुगु फिल्म मन देशम (1949) के निर्माण में नंदमुरी तारक राम राव और प्रसिद्ध संगीत निर्देशक घंटाशाला वेंकटेश्वर राव के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'मन देशम' फिल्म से ही उन्होंने एनटीआर का डेब्यू का करवाया था। अभिनेत्री को साल 2004 में रघुपति वेंकैया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने एक पार्श्व गायिका के रूप में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कृष्णवेनी ने मन देशम के अलावा लक्ष्मम्मा, दम्पत्यम और भक्त प्रहलाद जैसी फिल्मों का निर्माण किया है।

### भोजपुरी


## महिलाओं के साथ भेदभाव पर बोलीं अक्षरा-लड़कियों पर लांछन लगाना आसान



भोजपुरी अदाकारा अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। यूं तो अभिनेत्री अक्सर अपने लुक्स ही ज्यादा शेयर करती हैं या अपनी फिल्मों और गानों से जुड़े अपडेट यहां देती हैं। लेकिन, सामाजिक मुद्दों पर भी वे यहां राय जाहिर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे भेदभाव पर बात करती दिखी हैं। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है, 'नियत से ही नियति तय होती है, इसलिए नियत अच्छी रखना बाकी लोगों का नजरिया मायने नहीं रखता, क्योंकि कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना। लोग लड़का और लड़की को बराबर तो कहते हैं, लेकिन सत्य तो ये है कि लड़कियों पर आज भी लांछन लगाना बहुत आसान है'। अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हैं। अभिनय के साथ-साथ वे अपने अभिनय के लिए भी मशहूर हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अभिनेत्री का होली स्पेशल सॉन्ग रिलीज हुई है। 'कंगना जोगीरा गावे' गाना आज रविवार को टी-सीरीज हमार यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। अक्षरा के निजी जीवन की बात करें तो एक वक्त पर उनका अफेयर भोजपुरी एक्टर पवन सिंह के साथ रहा। दोनों का कथित रिलेशनशिप मीडिया की सुर्खियां बना। हालांकि, अब इनका ब्रेकअप हो चुका है। दोनों का रिश्ता एक बुरे मोड़ पर आकर खत्म हुआ। अक्षरा ने पवर सिंह पर मारपीट करने के आरोप भी लगाए ।

### कनाडा की दुल्हन

लाइफ स्टाइल



टोरेंटो में हाल ही में कनाडा की दुल्हनों पर आधारित फैशन शो हुआ। जिसमें यहां बहुत सी माडल ने इन दिनों कनाडा में चल रहे ट्रेंड को प्रदर्शित किया। टोरेंटो में हालांकि शादियां किसी मुहूर्त पर आधारित नहीं होती लेकिन यहां दुल्हनों पर आधारित फैशन शो जरूर साल में एक बार होता है, जिसमें दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ता है।

## बालों की केयर करने के लिए सूरजमुखी के बीज का इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल

जब भी बालों की केयर की बात आती है तो हम सभी कई तरह के फैन्सी प्रोडक्ट्स पर भरोसा करना पसंद करते हैं। जबकि बालों की सभी समस्याओं का हल हमारी किचन में ही छिपा है। इन्हीं में से एक है सूरजमुखी के बीज। इन्हें अक्सर हम स्नैक्स के रूप में खाना पसंद करते हैं, जबकि ये बालों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। इन छोटे-छोटे बीजों में विटामिन ई, जिंक और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे ज़रूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये ना केवल बालों की ग्रोथ में मददगार साबित होते हैं, बल्कि इनसे हेयर फॉल की समस्या दूर होती है और स्कैल्प हेल्थ को भी फायदा मिलता है। अगर आप नेचुरल तरीके से अपने बालों का ख्याल रखना चाहती हैं तो ऐसे में आप सूरजमुखी के बीजों को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बनाएं। आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और



स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि आप सूरजमुखी के बीजों को किन तरीकों से अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं-

सूरजमुखी के बीजों को बतौर स्कैल्प स्क्रब की तरह इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है। यह आपकी स्कैल्प को डीप क्लींज करने में मदद करेगा। स्क्रब की मदद से डेड स्किन सेल्स को हटाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### इस्तेमाल का तरीका-

सबसे पहले सूरजमुखी के बीजों को पीस लें।अब इसमें ब्राउन शुगर और नारियल का तेल डालकर मिक्स करें।अब इसे अपनी स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें।इससे हेयर ग्रोथ में मदद मिलेगी।

### हेयर मास्क की तरह करें इस्तेमाल

बालों को स्मूथ, सिल्की और शाइनी बनाने के लिए सूरजमुखी के बीजों को बतौर हेयर मास्क भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### इस्तेमाल का तरीका-

सबसे पहले एक बाउल में 2 बड़े चम्मच सूरजमुखी के बीज का तेल, 1 बड़ा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच नारियल का तेल और लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे मिलाएं। अब तैयार मास्क को अपने बालों में लगाएं।

## ब्राइडल लहंगा तैयार कराते वक्त रखें इन बातों का ध्यान



फैशन

यदि आपकी शादी भी पक्की हो गई है और आपने शादी के लिए लहंगा तलाशना शुरू कर दिया है तो ये लेख आपके लिए है। यहां हम आपको बताएंगे कि लहंगा खरीदते और तैयार कराते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



शादी हर लड़की के जीवन का एक सबसे खास और यादगार दिन होता है ।शादी के बाद लड़की एक नए परिवार और नए रिश्तों से जुड़ती है। ऐसे में उसकी जिंदगी में न केवल सामाजिक बल्कि भावनात्मक रूप से भी एक बड़ा परिवर्तन होता है। शादी का हर छोटा-बड़ा पहलू दुल्हन के लिए खास मायने रखता है, लेकिन शादी का लहंगा उसकी भावनाओं, परंपराओं और सपनों से गहराई से जुड़ा होता है। जिसे वो सारी जिंदगी संजो कर रखती हैं।

यदि आपकी भी शादी पक्की हो गई है और आप भी अपनी शादी का जोड़ा तलाश रही हैं तो पहले ये लेख पढ़ लें। दरअसल, यहां हम आपको बताएंगे कि शादी का लहंगा खरीदते और तैयार कराते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### सबसे पहले कर लें रंग का चयन

यदि लहंगा लेने जा रही हैं तो भले ही दुकान पर जाकर हर रंग ट्राई करें, लेकिन एक बार पहले से ही ये सोच लें कि कौन सा रंग आपको लेना है।इससे आपका काफी समय बच जाएगा। रंग का चयन अपनी स्किन टोन के हिसाब से ही करें, वरना आपका लुक खराब हो सकता है।

### मौसम के हिसाब से चुनें फैब्रिक

ब्राइडल लहंगा भी मौसम के हिसाब से ही चुनना चाहिए। जैसे कि गर्मी में जॉर्जेट या नेट का चुनाव करें वहीं यदि सर्दी का मौसम है तो रॉ सिल्क, वेलवेट, जॉर्जेट या नेट का चुनाव करें। भारी कढ़ाई वाले लहंगे सुंदर लगते हैं, लेकिन गर्मियों में इन्हें पहनना मुश्किल हो सकता है।

### सही फिटिंग का हो ब्लाउज

यदि शादी के लहंगे का ब्लाउज सही फिटिंग का नहीं होगा, तो इससे भी आपका लुक खराब हो सकता है।

## फ्लोरल आउटफिट में दिखेंगी बला की खूबसूरत, बस साथ में पहनें ये ज्वेलरी

अमूमन खुद को स्टाइल करते समय हम कई तरह के आउटफिट पहनना पसंद करते हैं। लेकिन अगर बात फेमिनिन लुक की हो तो ऐसे में फ्लोरल आउटफिट यकीनन आपके लुक को बेहद खास दिखाते हैं। फ्लोरल आउटफिट आपके स्टाइल में एक फ्रेशनेस एड करते हैं। यूं तो फ्लोरल आउटफिट पहनकर आप अपने डेली लुक को भी खास बना सकती हैं। लेकिन अगर आप एक परफेक्ट टच चाहती हैं तो ऐसे में आपको फ्लोरल आउटफिट के साथ सही ज्वैलरी को भी पेयर करना करना आना चाहिए। ज्वैलरी ना केवल आपके लुक को एक डिफरेंट टच देती है, बल्कि आप अपने मूड के हिसाब से अपने स्टाइल को क्रिएट कर सकती हैं। मसलन, अगर आप फ्लोरल आउटफिट में एक कैजुअल लुक चाहती हैं तो ऐसे में सिंपल पेंडेंट या फिर स्टड को पेयर किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप फ्लोरल आउटफिट के साथ किस तरह की ज्वैलरी को पेयर कर सकती हैं-



### पहनें स्टेटमेंट इयररिंग्स

अगर आप फ्लोरल प्रिंट आउटफिट पहन रही हैं और उसमें एक बोल्ड व मॉडर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में उसके साथ स्टेटमेंट इयररिंग्स जैसे ओवरसाइज्ड हूप्स या डैंगल्स को पहन सकती हैं। जब आप स्टेटमेंट इयररिंग्स पहन रही हैं तो हमेशा ऐसे कलर को चुनें, जो आपके फ्लोरल प्रिंट के रंगों में से एक हों। स्टेटमेंट इयररिंग्स पहनते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि बाकी एक्सेसरीज़ को आप बेहद ही सिंपल रखें। अगर आप फ्लोरल आउटफिट के साथ एक चिक लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में उसके साथ लेयर्ड नेकलेस पहनना अच्छा विचार हो सकता है।

## ड्राई स्किन पर कभी इस्तेमाल नहीं करने चाहिए ऐसे होममेड स्क्रब

ऐसे कई होममेड स्क्रब होते हैं, जो स्किन की केयर करते हैं, लेकिन ड्राई स्किन के लिए इन्हें अच्छा नहीं माना जाता है। इन होममेड स्क्रब का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन रूखी, इरिटेटिड या रेडनेस महसूस हो सकती है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको कुछ ऐसे ही होममेड स्क्रब के बारे में बता रही हैं, जिन्हें आपको ड्राई स्किन पर अप्लाई करने से बचना चाहिए-

### नींबू और नमक स्क्रब

अमूमन स्क्रब बनाते समय हम सभी नींबू और नमक का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आपकी स्किन ड्राई है तो ऐसे में आप इस स्क्रब से बचें। दरअसल, नींबू काफी एसिडिक होता है और इसे सीधे स्किन पर लगाने से स्किन का नेचुरल ऑयल निकल सकता है। वहीं, नमक आपकी स्किन को और भी ज्यादा रूखा, संसेटिव व इरिटेटिड बना सकता है। इसलिए अपनी ड्राई स्किन के लिए स्क्रब बनाते समय आप नींबू



की जगह शहद या दूध जैसे इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करें। आप इसमें बारीक पिसे हुए ओट्स या बादाम के आटे को मिलाकर हाइड्रेटिंग स्क्रब तैयार कर सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए कॉफी स्क्रब का इस्तेमाल करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, कॉफी ग्राउंड का टेक्सचर काफी रफ होता है, जो आपकी ड्राई स्किन को काफी परेशान कर सकता है।

### कार्नर न्यूज

### रिप्ड जींस को स्टाइल करते समय ध्यान दिया जाना चाहिए हर डिटेल पर

## रिप्ड जींस में खुद को स्टाइल करते हुए ना करें ये गलतियां, बिगड़ जाएगा आपका पूरा लुक

जींस एक ऐसा बॉटम वियर है, जो हम सभी के वार्डरोब में होता ही है। इतना ही नहीं, जींस में हम सभी कलर से लेकर स्टाइल के साथ भी एक्सपेरिमेंटल होना पसंद करते हैं। रिप्ड जींस भी एक ऐसा ही लुक है, जो हर किसी को काफी अच्छा लगता है। हालांकि, रिप्ड जींस को सही से स्टाइल करना बेहद जरूरी है। अगर रिप्ड जींस की फिटिंग सही नहीं होती या फिर आप इसे गलत ओकेजन पर पहनते हैं तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। इसलिए, रिप्ड जींस को स्टाइल करते समय हर डीटेल पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

अमूमन लोग सोचते हैं कि रिप्ड जींस काफी ट्रेन्डी लुक देती है, इसलिए इसे किसी भी तरह से स्टाइल किया जा सकता है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कभी भी यह न भूलें कि रिप्ड जींस हर ओकेजन के लिए नहीं होती है। साथ ही साथ, आप इसके साथ एक्सेसरीज से लेकर फुटवियर तक, क्या पहन रही हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको रिप्ड जींस पहनते



### फिटिंग में गड़बड़ होना

यूं तो रिप्ड जींस देखने में बेहद ही स्टाइलिश लगती है, लेकिन एक परफेक्ट लुक के लिए आपको जींस की फिटिंग का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आपकी रिप्ड जींस बैगी है तो यह काफी ढीली व अजीब नजर आ सकती है, वहीं बहुत ज़्यादा टाइट जींस आपको अनकंफर्टेबल फील करवा सकती है। इसलिए, रिप्ड जींस पहनते समय अपने शरीर के हिसाब से फिटिंग चुनें। आप स्लिम, स्ट्रेट या थोड़ा रिलैक्स्ड फ़टि की रिप्ड जींस को अपने लुक का हिस्सा बना सकती हैं।

### बहुत लूज टॉप के साथ पहनना

रिप्ड जींस के साथ आप अपर वियर के रूप में क्या पहन रही हैं, यह भी बहुत मायने रखता है। अक्सर हम रिप्ड जींस के साथ बहुत अधिक लूज या ओवरसाइज़्ड टी-शर्ट को पेयर करते हैं। हालांकि, यह आपके लुक को काफी अजीब दिखा सकता है। आपको रिप्ड जींस पहनते समय बैलेंस का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आपकी जींस डिस्ट्रेस्ड है, ता उसके साथ एक स्ट्रक्चर्ड टॉप काफी अच्छा लगता है।

### गलत फुटवियर पहनना

रिप्ड जींस पहनते समय अपने लुक को बैलेंस करने के लिए आपको फुटवियर पर भी फोकस करना चाहिए। आप रिप्ड जींस के साथ स्नीकर्स और बूट्स स्टाइल कर सकते हैं, लेकिन बहुत ज़्यादा चंकी या फटे और खराब फुटवियर पहनने से बचें।

